Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 349 | सोमवार, 22 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोहन भागवत का बयान

# 'लिव-इन में रहने वाले जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं, विवाह शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं'

**कोलकाता।**



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि लिव-इन-रिलेशनशिप में लोग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि परिवार केवल शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं है। यह समाज की इकाई है। लिव-इन-रिलेशनशिप वाले जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। परिवार शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं बल्कि समाज की इकाई है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागत ने रविवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम में कही। भागवत ने कहा, 'जहां तक लिव-इन-रिलेशनशिप वाली बात है। देखिए, आप जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। यह ठीक नहीं है। परिवार जो बनता है, वह शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं है। वह समाज की इकाई है। व्यक्ति ने समाज में कैसे रहना है, यह प्रशिक्षण परिवार में होता है। सांस्कृतिक परंपरा के संस्कार पीढ़ी-दर-पीढ़ी उसमें से आते हैं।' तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी को लेकर फिर खड़ा हुआ विवाद, स्थानीय लोगों ने दरगाह में झंडा लगाने का विरोध उन्होंने आगे कहा, हमारे यहां तो आर्थिक गतिविधियों का केंद्र भी परिवार है। देश की बचत परिवार में रहती है। देश का सोना परिवार में रहता है। तो सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक इकाई सभी परिवार हैं। अपने देश, समाज, धर्म परंपरा को बनाए रखने का वह जरिया है। आप सन्यासी बन सकते हो। विवाह मत करो..कोई बात नहीं। आप स्वतंत्र हैं। आप सन्यासी बन सकते हैं, सन्यासिनी बन सकती हैं। लेकिन वह भी नहीं करेंगे और जिम्मेदारी भी नहीं लेंगे..तो फिर कैसे होगा। फिर संताने कितनी हों, यह सवाल तो परिवार का है, वर-वधू का भी है और समाज का भी है।

## पटना में नितिन नबीन के रोड शो के चलते यातायात में बदलाव

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का 23 दिसंबर को पटना में रोड शो कार्यक्रम प्रस्तावित है। रोड शो को लेकर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे कार्यक्रम समाप्ति तक एयरपोर्ट से मिलर हाईस्कूल तक कई प्रमुख मार्गों पर यातायात में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस रूट प्लान जारी करते हुए आमजनों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। रोड शो पटना एयरपोर्ट से शुरू होकर अरण्य भवन, शेखपुरा मोड़, पटेल भवन, पुनाईचक, हाईकोर्ट, ऊर्जा भवन, आयकर गोलंबर होते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय और मिलर हाई स्कूल तक रहेगा। इस दौरान दोपहर 12 से शाम चार बजे के बीच जिनकी फ्लाइट है, वह प्रयास करें कि उड़ान समय से कम से कम तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचे। पटेल गोलम्बर से एयरपोर्ट तक सभी प्रकार के वाहनों का पार्किंग प्रतिबंधित रहेगा। कार्यकताओं को अपने वाहन एयरपोर्ट के बाहरी पार्किंग क्षेत्र में ही खड़ा करने होंगे।

## सार संक्षेप

### ट्रंप के विशेष दूत ने यूक्रेन और यूरोप के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक




**नई दिल्ली।**

व्हाइट हाउस के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए यूक्रेन और यूरोप के साथ सकारात्मक बातचीत की। विटकॉफ ने कहा कि वार्ता का उद्देश्य हत्याओं को रोकना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और यूक्रेन की स्थिरता व दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करना है। व्हाइट हाउस के एक विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रविवार को कहा कि उन्होंने करीब चार साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए फ्लोरिडा में यूक्रेन और यूरोपीय प्रतिनिधियों के साथ 'उत्पादक और सकारात्मक' बातचीत की। स्टीव विटकॉफ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह बातचीत यूक्रेन, अमेरिका और यूरोप के बीच साझा रणनीतिक दृष्टिकोण बनाने के लिए की गई। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता हत्याओं को रोकना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और यूक्रेन की स्थिरता, पुनर्निर्माण और दीर्घकालिक समृद्धि के लिए परिस्थितियां बनाना है।

शांति केवल संघर्ष की समाप्ति नहीं, बल्कि स्थिर भविष्य की नींव भी होनी चाहिए। यह वार्ता ट्रंप प्रशासन की शांति पहल का हिस्सा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को समाप्त करने के लिए व्यापक कूटनीतिक प्रयास शुरू किए हैं, लेकिन उनके प्रयास मॉस्को और कीव की मांगों से टकरा रहे हैं। पुतिन ने हाल ही में यूक्रेन पर अपनी अधिकतम मांगों पर अड़े रहने का संकेत दिया है।

## ऊंचाई की नई परिभाषा से 95% पहाड़ी क्षेत्र पर संकट

**गुरुग्राम।**



दिल्ली सहित पूरे एनसीआर के लिए जीवनदायिनी अरावली के ऊपर संकट के बादल छा गए हैं। यह संकट केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दी गई अरावली की नई परिभाषा से छाया है। नई परिभाषा के अनुसार, स्थानीय धरातल से 100 मीटर से अधिक की ऊंचाई वाले पहाड़ ही अरावली के पहाड़ माने जाएंगे। ऐसे में 100 मीटर से नीचे की पहाड़ियों पर संकट गहरा गया है। पहाड़ की ऊंचाई का मापदंड समुद्र तल से तय होता है। गुरुग्राम एवं दिल्ली के धरातल की ऊंचाई समुद्र तल से 240 से 260 मीटर के आस-पास है जबकि क्षेत्र में फैली अरावली के अधिकतर पहाड़ों की ऊंचाई 300 मीटर के आस-पास है। ऐसे में नई परिभाषा के मुताबिक, अरावली के पहाड़ों की ऊंचाई 100 मीटर से कम यानी 40 से 60 मीटर हो जाती है। इस वजह से लगभग 90 से 95 प्रतिशत वानिकी क्षेत्र अरावली के दायरे से बाहर हो जाएगा।

## अटल जी राष्ट्रनीति, सुशासन और समावेशी विकास का अद्वितीय प्रतीक : राधाकृष्णन

**नई दिल्ली।**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्रनीति, सुशासन और समावेशी विकास का अद्वितीय प्रतीक बताया। कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में सुशासन और राष्ट्र निर्माण को सर्वोपरि रखा। उनका व्यक्तित्व राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि वह राष्ट्र निर्माण के एक विचार और मिशन का स्वरूप था। वह केवल अपने समय के नेता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने यह बातें इंदौर में अटल फाउंडेशन द्वारा रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित 'शून्य से शिखर तक' कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि अटल जी भाषाई विविधता को भारत की शक्ति मानते थे और तमिलनाडु सहित पूरे देश में उनका सम्मान सर्वमान्य था। द्रविड़ हमेशा हिंदी का विरोध करते रहे, लेकिन अटल जी को संसद में बोलते हुए देखने के बाद तमिलनाडु के राजनेता अन्नादुरई ने कहा था कि यदि हिंदी अटल जी जैसे बोलते हैं, वैसे बोली जाती है, तो हम इसका विरोध नहीं करेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अटल जी का जीवन ऐसे ग्रंथ की भांति था, जिसका प्रत्येक पृष्ठ नैतिकता, उत्कृष्टता और राष्ट्र धर्म की राह दिखाता है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि अटल जी राष्ट्रनीति के शिखर पुरुष, राजनीति के अजातशत्रु और भारतीय लोकतंत्र की मयार्दा के प्रतीक थे। 25 दिसंबर को ग्वालियर में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के औद्योगिक निवेश के भूमि-पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम अटल जी को समर्पित किए जाएंगे।

## असम में रेल पटरियों पर हाथियों की मौत पर केंद्र ने मांगी रिपोर्ट : भूपेंद्र यादव



**कोलकाता।**

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को कहा कि केंद्र ने असम के होजाई जिले में एक दिन पहले ट्रेन की चपेट में आने से सात हाथियों की मौत के मामले में रिपोर्ट मांगी है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र ने यह भी कहा कि सभी राज्यों को रेल पटरियों के किनारे हाथियों की आवाजाही पर नजर रखने को कहा गया है। बंगाल के सुंदरबन में 'प्रोजेक्ट एलिफेंट' और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारियों को पटरियों के किनारे हाथियों की आवाजाही के संबंध में राज्यों के वन विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया गया है। लोको पायलट (ट्रेन चालकों) और वन अधिकारियों के बीच समन्वय आवश्यक है। मालूम हो कि होजाई जिले में शनिवार तड़के हाथियों के एक झुंड के सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से सात हाथियों की मौत हो गई थी और एक घायल हो गया था। इस दौरान ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन भी पटरी से उतर गए थे।

## मेट्रो के विस्तार पर जोर

# दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने की तैयारी, बजट में 60% बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ कहा है कि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निजी वाहनों की निर्भरता कम करनी होगी। इसके लिए दिल्ली मेट्रो का विस्तार और लास्ट माइल कनेक्टिविटी सबसे अहम है। बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने का रोडमैप तैयार किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ कहा है कि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निजी वाहनों की निर्भरता कम करनी होगी। इसके लिए दिल्ली मेट्रो का विस्तार और लास्ट माइल कनेक्टिविटी सबसे अहम है। इसी सोच के तहत सरकार ने इस साल परिवहन बजट में 60 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी और एनसीआर में प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह सड़कों पर बढ़ते वाहन हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) और अन्य शोध संस्थानों की रिपोर्ट भी इस ओर इशारा करती हैं कि वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण को गंभीर बना रहा है। ऐसे में समाधान का रास्ता मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था से होकर जाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि साल 2025-26 के बजट में परिवहन विभाग के लिए 9,110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले साल के 5,702 करोड़ रुपये के मुकाबले करीब 60 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली की लाइफलाइन मेट्रो के प्रति सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली मेट्रो के विस्तार के लिए इस साल 2,929 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जबकि पिछली सरकार के समय यह राशि करीब 500 करोड़ रुपये ही थी।

### मेट्रो की पुराने उधार चुकाए जा रहे

मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार न सिर्फ नई परियोजनाओं पर काम कर रही है, बल्कि मेट्रो की पुरानी देनदारियों का भुगतान भी कर रही है। फेज-1, 2 और 3 से जुड़ी करीब 2,700 करोड़ रुपये की बकाया राशि का निपटान किया जा रहा है। एमआरटीएस फेज-4 के लिए दिल्ली सरकार अपने हिस्से का 3,386.18 करोड़ रुपये का खर्च उठा रही है, जिसमें से 940 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

## परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी के रास्ते खुले, SHANTI बिल को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित भारत के रूपांतरण हेतु परमाणु ऊर्जा का सतत उपयोग एवं संवर्धन (शांति) विधेयक को मंजूरी दे दी है। सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने शनिवार को शांति विधेयक को मंजूरी दी। नागरिक परमाणु क्षेत्र से संबंधित सभी कानूनों को इस विधेयक के अधीन कर दिया गया है। यह विधेयक परमाणु क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। शांति विधेयक ने परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 को निरस्त कर दिया, जो भारत में नागरिक परमाणु क्षेत्र के विकास में बाधा साबित हो रहे थे। यह कानून निजी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों को सरकार से लाइसेंस प्राप्त करके परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण, स्वामित्व, संचालन और परिसमापन करने में सक्षम बनाता है।

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड,अगले दो दिनों में अभी और गिरेगा पारा

**नई दिल्ली।**



जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हिमपात और बूंदाबांदी के साथ मैदानी इलाकों में कोहरे के साथ शीतलहर ने ठंड बढ़ा दी है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से सड़कों पर वाहन रेंगते रहे तो रेल यातायात के साथ विमानों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। धुंध के कारण श्री माता वैष्णो देवी में कटड़ा-सांझीछत चापर सेवा प्रभावित हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि के बाद लगातार चार दिन तक 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में रात और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा और शीतलहर चलती रहेगी। दिल्ली के लिए ठंड और कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से 1.3 डिग्री अधिक था, जबकि अधिकतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस रहा। हरियाणा में नारनौल तो पंजाब में गुरदासपुर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान क्रमशः 5.2 और 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक बिहार में चार दिनों तक मौसम में बदलाव के आसार नहीं हैं। राज्य के सात शहरों में कोहरा छाया रहेगा तो 25 जिलों में ज्यादा ठंड रहेगी। कश्मीर में बारिश व बर्फबारी से चिल्ले कलां की शुरूआतकश्मीर में बारिश और बर्फबारी के साथ 40 दिन की कठोर सर्दी वाले चिल्ले कलां की शुरूआत हुई।

## संपादक की कलम से

# गैस चैंबर राजधानी

देश की राजधानी दिल्ली बीते कई सालों से गैस चैंबर बनी है। यह सिलसिला अक्तूबर में शुरू होता है और फरवरी तक जारी रहता है। गैस चैंबर की टिप्पणी सर्वोच्च अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की है। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने बीते दिनों अपनी पीड़ा व्यक्त की थी कि अब दिल्ली में सुबह की सैर करना भी दूभर हो गया है। सांस घटने लगता है। राजधानी में इतना प्रदूषण है कि जो परिवार




ललित शर्मा
संपादक

35-40 साल से दिल्ली में बसे थे, दिल्ली में ही कामकाज था, वे या तो दिल्ली छोड़ चुके हैं अथवा छोड़ कर गांव लौटने की तैयारी में हैं। दरअसल स्वच्छ और सेहतमंद हवा कोई विलासिता नहीं है, बल्कि नागरिकों का अधिकार है। नागरिकों पर बलात अत्याचार ढाया जा रहा है। शनिवार को राजधानी दिल्ली के 12 इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से अधिक था। कहीं-कहीं 450 को भी लांघ गया था। दिल्ली-एनसीआर के नोएडा इलाके में भी एक्यूआई 409 था। नोएडा में तो नाले सूख गए हैं, जिनमें से एक दुर्गंधमयी गैस निकलती है, जो प्रदूषण की बुनियादी कारक है। राजधानी में प्रदूषण की यह जानलेवा स्तर की खतरनाक स्थिति है। बेशक यह स्वास्थ्य का आपातकाल है। स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए छुट्टी घोषित की गई है। मंत्री आशीष सूद के मुताबिक, 10000 स्कूलों में एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। क्या उनसे प्रदूषण नियंत्रित होगा? 50 फीसदी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश दिए गए हैं। ऐसे कब तक प्रदूषण से बचेंगे? इस साल के अंत तक बिजली वाली 7000 बसें खरीदी जाएंगी। दिल्ली सरकार के दूसरे मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने चेतावनी जारी की है कि कल से (रविवार से ही) मौसम ज्यादा खराब होगा। इस मंत्री ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि निर्माण-कार्य नहीं रोके गए, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजधानी दिल्ली ऐसा महानगर है, जो हररोज, हर पल धूल में सना दिखाई देता है। वायु प्रदूषण का यह सबसे खतरनाक स्रोत है। दिल्ली-एनसीआर में 3.3 करोड़ से अधिक वाहन पंजीकृत हैं। अकेली दिल्ली में ही 2.88 करोड़ कारें और दोपहिया वाहन हैं। मानकों के मुताबिक, करीब 51 फीसदी प्रदूषण वाहनों के कारण ही होता है। गैस चैंबर को खत्म कैसे किया जा सकता है? दिल्ली-एनसीआर में केंद्र सरकार सहित सभी सरकारें भाजपा शासित हैं। पहले केजरीवाल को कोसा जाता था। अब दिल्ली अर्द्धराज्य में भी, बीते 10 माह से, भाजपा सत्तारूढ़ है। हालांकि उसने कई बंदोबस्त किए हैं। अधिकतर ऐसे हैं, जो आप सरकार ने भी किए थे। फिर भाजपा ने अलग क्या किया? कृत्रिम बारिश का प्रयोग भी नाकाम रहा। कारण कुछ भी हो। ग्रैप आप सरकार के दौरान भी लागू किए गए थे, अब भी किए जा रहे हैं। दिल्ली में ही संसद मौजूद है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सर्वोच्च अदालत दिल्ली में ही मौजूद हैं। क्या अत्यंत खतरनाक श्रेणी का प्रदूषण उन्हें प्रभावित नहीं करता? इंडिया गेट और कत्तव्य पथ पर इतना कोहरा और धुआं-धुंध है कि पर्यटक नाममात्र रह गए हैं। संसद में नियम 193 के तहत प्रदूषण पर चर्चा तय की गई थी, लेकिन हंगामे और हस्तक्षेप के कारण वह चर्चा नहीं हो सकी। विडंबना और दुर्भाग्य है देश का। प्रदूषण की स्थिति यह बताई जा रही है कि औसत नागरिक एक ही दिन में 40 सिगरेट के बराबर का धुआं पीने को विवश है।

# वीआईपी दर्शन पर सुप्रीम आदेश, निर्णय केंद्र करे

ये एक जगह नही है, श्रद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगहझजगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकत्ता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में 'वीआईपी दर्शन' सुविधा को चुनौती देने वाली याचिका भले ही खारिज कर दी, किंतु इस याचिका पर कोर्ट द्वारा कही गई बातों की गूंज दूर तक जाएगी। यह गूंज केंद्र सरकार को विवश करेगी कि वह मंदिरों में हाने वाले वीवीआईपी दर्शन पर रोक लगाने वाला निर्णय लें। कोर्ट की ये गूंज आने वाले समय में मंदिरों के वीवीआईपी दर्शन कर रोक लगाने का रास्ता प्रशस्त करेगी। पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। यह याचिका मंदिरों की तरफ से वसूले जाने वाले वीआईपी दर्शन शुल्क को समाप्त करने की मांग कर रही थी। पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, 'हालांकि हमारी राय है कि मंदिरों में प्रवेश के संबंध में कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का उपयुक्त मामला है।' यह आदेश में दर्ज किया गया लेकिन मामला सरकार के विचार के लिए छोड़ दिया गया। पूर्व उखक खन्ना ने कहा कि यह मामला कानून-व्यवस्था का प्रतीत होता है और याचिका इस पहलू पर होनी चाहिए थी। बेंच ने कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज होने से संबंधित अधिकारियों को जरूरत के हिसाब से कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'आज 12 ज्योतिर्लिंग और



बेंच ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश अब केंद्र सरकार को विवश करेगा कि मंदिरों में आम आदमी के साथ हो रहे भेदभाव को रोके और बांके बिहारी मंदिर की तरह पैसा लेकर कराए जा रहे वीआईपी दर्शन की व्यवस्था खत्म करे। व्यवस्था अयोध्या जी के श्रीराम मंदिर जैसी हो, जहां श्रद्धालु बिना भेदभाव आराम से 25-30 मिनट में दर्शन कर बाहर आ सके।

शक्तिपीठ इस प्रैक्टिस को फॉलो करते हैं। ये मनमाना और भेदभाव वाला है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने भी आंध्र प्रदेश से इसकी समीक्षा करने को कहा है। चूंकि, भारत में 60 प्रतिशत पर्यटन धार्मिक है, इसलिए ये भगदड़ की प्रमुख वजह भी है।' सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका विजय किशोर गोस्वामी ने डाली थी। उन्होंने मंदिरों में अतिरिक्त शुल्क लेकर 'वीआईपी दर्शन' के चलन को आर्टिकल 14 के तहत समानता के अधिकार और आर्टिकल 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन बताया। उन्होंने दलील दी कि जो लोग इस तरह का शुल्क अदा करने में असमर्थ हैं, ये उनके खिलाफ भेदभाव है। याचिका में जोर देकर कहा गया था कि कई मंदिर 400 से 500 रुपये में लोगों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था करते हैं। इससे आम श्रद्धालु और खासकर महिलाएं, स्पेशली एबल्ड लोग और सीनियर सिटिजंस को दर्शन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह मामला देश भर के मंदिरों में आम लोगों और वीआईपी के बीच भेदभाव के मुद्दे को उठाता है। वीआईपी दर्शन की सुविधा से आम लोगों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है, जबकि वीआईपी आसानी से दर्शन कर लेते हैं। ये एक जगह नही है, श्रद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगहझजगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकाता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया। यहां पुजारी पांच रूपया प्रति व्यक्ति लेकर सीधे दर्शन करा रहे थे। अभी वेट द्वारिका जाना हुआ। हम परिवार के छह सदस्य थे। एक पंडित जी ने हमसे पांच सौ रुपए लिए। अलग लाइन से हमें आराम से दर्शन कराए। भीड़-भाड़ भी बची। वैसे दर्शन में दो से तीन घंटे लगते पांच सौ रुपए में आधा घंटा में दर्शन कर मंदिर से बाहर आ गए। करीब दस साल पहले हम गुजरात में अम्बा जी गए थे। दर्शन की लाइन में लगे थे कि कर्मचारियों ने यह कह कर हमके रोक दिया कि दर्शन का समय समाप्त हो गया, जबकि कुछ अन्य को लगातार प्रदेश दिया जा रहा। किसी तरह हम अन्यों वाली पंक्ति में शामिल हुए। तब दर्शन हुए। दर्शन भी बड़े आराम से हुए। काफी समय हम मंदिर में रूके, जबकि ऐसा पहले संभव नही था। इस तरह का भेदभाव हमें कई जगह देखने को मिला। उज्जैन में तो आप पंडित को पांच सौ के आसपास रुपए दीजिए। वह मंदिर के गर्भ गृह में ले जाकर पूजन अर्चन कराते हैं। जो ये रकम नही देते वे गर्भगृह के बाहर ही दूर से दर्शन कर तृप्त हो जाते हैं। ओंकारेश्वर में तो पंडित जी पूजा भी आराम से और श्रद्धालुओं की पंक्ति से अलग लेकर कराते हैं। मथुरा जी के बांके बिहारी मंदिर में सुप्रीम आदेश से यह व्यवस्था रूकी है, अन्यथा लगभग सभी मंदिरों की हालत ऐसी ही है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका तो खारिज कर दी, किंतु इस वीआईपी दर्शन पर रोक वाली गेंद केंद्र सरकार के पाले में यह कह कर डाल दी।

## उदय किशोर साह



## बहुत मेरी याद आयेगी

### कविता

हमारी दोस्ती आपको एक दिन बहुत याद आयेगी
हमारी बिछुड़ने की जुदाई अक्सर तुम्हें रूलायेगी
यादों की झरोखों से जब हमारी अक्स दीख जायेगी
जब हम ना रहेगें इस जग में तब यादें तुम्हें तड़पायेगी

जीवन भर तुमने जो हमें नफरत दी है हमदम
मैं उस नफरत की कसम मैं अब स्वर्ग में भी खाता हूँ
ईर्ष्या द्वेष व वैमनस्यता की यादें दिल में सजाता हूँ
चाहत जो मेरे मन में थी उस चाहत को दुहराता हूँ

जहाँ भी हम तुमको मिलते थे मुँह मोड़ लेती थी तुम
बातें करने की लालसा थी मौन हो जाती थी हो गुम
अब तो खुश हो जाना प्रिये जब तेरी जिन्दगी से हो चुका दूर
सोलह श्रृंगार भी कर लेना पराये के लिये है हमें भी मंजूर

अक्सर नफरत का वो शख्त होता है मूरत जो होता सीधा सादा
ना समझ पाती है ये दुनियाँ जो होता है प्यार का छोटा प्यादा
स्वार्थ व दौलत की चकाचौंध में भूल जाता है भटका इन्सान
क्षणभर की लालच में छुट जाता है जग में सच्चा जजमान

लौट कर अब कभी ना आऊँगा मैं तेरे जीवन में मेरे यार
भूल जाऊँगा मैं अपने को भला हो तेरा खुशी का संसार
मत रोना कभी मेरे लिये ना बहाना औखों से तुँ कभी आँसू
मर चुका हूं में तेरी दुनियाँ से देख लेना मेरी कब्र पे जा तूँ

# ठंड के मौसम में इन हिल स्टेशनों पर जम गई है बर्फ, बच्चों को दिखाएं स्नोफॉल का अद्भुत नजारा

कई हिल स्टेशनों पर क्रिसमस यानी की 25 दिसंबर के आसपास स्नोफॉल होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हिमाचल प्रदेश की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बर्फबारी देखने का लुत्फ उठा सकते हैं। सर्दियों के मौसम में पहाड़ों पर घूमने का अपना ही मजा होता है। लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां पर बर्फबारी का नजारा देखने को मिल जाए। वहीं बच्चे हों या बड़े सभी लोगों को लाइफ में एक बार स्नोफॉल देखने का मन जरूर होता है। ऐसे में अगर आपको भी स्नोफॉल देखना है, तो आप हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड या जम्मू-कश्मीर घूमने का प्लान बना सकते हैं। कई जगहों पर बर्फबारी हो चुकी है। वहीं कई हिल स्टेशनों पर क्रिसमस यानी की 25 दिसंबर के आसपास स्नोफॉल होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हिमाचल प्रदेश की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बर्फबारी देखने का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मनाली**

इन दिनों आपको हिमाचल के मनाली में भी बर्फबारी देखने का मौका मिल जाएगा। जो भी लोग क्रिसमस के मौके पर घूमने जाना चाहते हैं, वह लाइव स्नोफॉल का मजा उठा सकते हैं। मनाली में बर्फबारी को लेकर एक ओर लोकल लोग काफी



खुश हैं और वहां पर सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी है। अगर आप अभी भी मनाली जाते हैं, तो आप वहां पर बर्फबारी का नजारा देख सकते हैं।

**खजियार**

आकर्षक परिदृश्य और आभा के लिए फेमस खजियार बर्फबारी देखने के शौकीन लोगों के लिए जन्नत से कम नहीं है। इसको भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। यह हिल स्टेशन शानदार पहाड़ों और हरे-भरे जंगलों से घिरा है। सर्दियों में मौसम में यह जगह बेहद हसीन लगती है।

**नारकंडा**

हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए आप नारकुंडा भी आ सकते हैं। यह हिमाचल के सबसे अच्छे स्कीइंग स्थलों में से एक है। शिमला शहर से करीब 60 किमी दूर स्थित यह जगह आपको ढेर सारे यादगार एक्सपीरियंस दे सकता है। आप बर्फबारी देखने के अलावा स्नो एक्टिविटी और सफेद बर्फ की चादरों से ढके परिदृश्य के बीच अन्य एक्टिविटी में शामिल हो सकते हैं।

**रोहतांग ला**

जब भी हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी देखने की बात होती है, तो सबसे पहले रोहतांग ला का नाम सामने आता है। लाशों के मैदान के रूप में फेमस यह जगह स्लेज घाटियों, गर्म पानी के झरनों और स्की क्षेत्रों से भरा है। यह एडवेंचर प्रेमियों के लिए पसंदीदा जगह है।

अगर आप भी हिमाचल के रोहतांग ला आने का प्लान कर रहे हैं, तो ताजा अनुभव के लिए आपको छोटे शहर वशिष्ठ और हडिंबा मंदिर जरूर घूमने जाना चाहिए।

# रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ है होता है क्या? जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट

डिटॉक्स वॉटर शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और इससे कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं। लेकिन इसे रोजाना पीना सही है या नहीं, यह जानना जरूरी होता है। इस विषय पर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है। इस लेख में हम जानेंगे कि एक्सपर्ट डिटॉक्स वॉटर को लेकर क्या सलाह देती हैं और इसे अपनी दिनचर्या में कैसे शामिल करना चाहिए। आजकल लोग हेल्दी रहने के लिए डिटॉक्स वॉटर जरुर पीते हैं। डिटॉक्स वॉटर एक ऐसा पानी होता है, जिसमें हम फल-सब्जियां रात भर के लिए काटकर छोड़ देते हैं। सुबह इसी पानी का सेवन करते हैं, जिसे हम डिटॉक्स वॉटर के नाम से जानते हैं। इसमें कोई दोहराए नहीं डिटॉक्स वॉटर बॉडी के लिए रिफ्रेशिंग होता है, इसमें कम कैलोरी होती है। डिटॉक्स पानी पीने से शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं और वजन कम करने में भी सहायक करता है। ओवरऑल हेल्थ के लिए डिटॉक्स वॉटर काफी फायदेमंद



होती है। लेकिन रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीने से सेफ है या नहीं, आइए आपको बताते हैं।

**क्या रोज डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ होता है**

हां, बिल्कुल रोजाना डिटॉक्स पानी पीने हेल्दी होता है। इसमें मुख्य रुप से किसी भी तरह का आर्टिफिशियल स्वीटनर जैसा कुछ भी केमिकल प्रोडक्ट यूज नहीं होता है। यह पानी मीठा नहीं होता है। डिटॉक्स वॉटर पीने से बॉडी हाइड्रेट होती है और यह किसी मेजिकल कलींजर की तरह काम करता है। इसके सेवन से हमारे बॉडी के टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं। यह इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। डिटॉक्स वॉटर में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट जैसे तत्व होते हैं, जिसका हमारी ओवर ऑल हेल्थ पर असर अच्छा असर पड़ता है। एक रिसर्च के मुताबिक, पूरे दिन में सिर्फ डिटॉक्स वॉटर पीना काफी नहीं है। इससे आपके शरीर को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, किडनी के मरीजों के लिए भी डिटॉक्स वॉटर पीना नुकसानदायक हो सकता है।

**डिटॉक्स वॉटर रोज पीने के फायदे**

**हाइड्रेशन में सुधार**

अक्सर लोग तब तक पानी नहीं पीते जब तक उन्हें प्यास न लगे, जबकि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है। शरीर को सही तरीके से काम करने के लिए हाइड्रेशन आवश्यक होता है। ऐसे में डिटॉक्स वॉटर पीना एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे न सिर्फ शरीर में पानी की कमी पूरी होती है, बल्कि शरीर लंबे समय तक हाइड्रेट भी बना रहता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर**

डिटॉक्स वॉटर में नींबू, खीरा, पुदीना और बेरीज जैसे फलों व जड़ी-बूटियों से बनता है। इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इसलिए, जब आप रेगुलर डिटॉक्स वॉटर पीते हैं, तो इनमें मौजूद तत्व आपके शरीर तक पहुंचते हैं।

**पाचनतंत्र बेहतरीन होता है**

कई लोग डिटॉक्स वॉटर में अदरक और पुदीना जैसी प्राकृतिक चीजें मिलाकर पीते हैं। ये दोनों ही तत्व पाचन को मजबूत बनाने में मददगार माने जाते हैं। अदरक और पुदीना के सेवन से पेट की गैस, भारीपन और सूजन जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। इसके अलावा, डिटॉक्स वॉटर पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म भी सक्रिय रहता है और पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# टीएससीटी की जिला टीम ने शिक्षकों की बेटियों के विवाह के लिए दिए 55-55 हजार के चेक

**वेलकम इंडिया**




**टाण्डा।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम की जिला कार्यकारिणी द्वारा रविवार को रामगंगा विहार स्थित शांति निकेतन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम के हाथों शिक्षक अरविंद कुमार, कमर जहाँ, साइमा परवीन, इरफान अली, विनीता चौधरी और मंजू रानी को टीएससीटी कन्यादान योजना के तहत प्रत्येक को 55 हजार रुपये का चेक प्रदान कराया गया।चेक पाकर सभी बहुत खुश हुए।खंड शिक्षा अधिकारी ने टीएससीटी की सभी योजनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को टीएससीटी से जुड़ना चाहिए।

कन्यादान योजना की जिला प्रभारी शबाना ने बताया कि पूरे जनपद से टीएससीटी के सात सदस्यों को उनकी बेटियों के विवाह के लिए 55-55 हजार रुपए का चेक दिया गया है। जिला प्रवक्ता मयंक शर्मा ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में 257 कन्याओं के विवाह के लिए हर एक को समान राशि का चेक दिया गया है। जिला संयोजक सुधीश पाराशरी ने कहा कि टीएससीटी के संस्थापक / अध्यक्ष विवेकानंद, सह संस्थापक / महामंत्री सुधेश पांडे व सह संस्थापक / कोषाध्यक्ष संजीव रजक ने कन्यादान की शुरूआत इसी वर्ष जून माह में की थी, इस योजना में प्रतिभाग करने वाले सदस्यों ने प्रति कन्या मात्र 1 रुपए का सहयोग करके हर एक कन्या को 55000 रुपए की राशि जुटाई। इस अवसर पर शांति निकेतन स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सैनी, कन्यादान योजना छजलैट ब्लॉक प्रभारी शिखा सक्सेना, डिलारी ब्लॉक प्रभारी ज्योति गोस्वामी के साथ ही अंकित विश्नोई, अभिषेक विश्नोई, जोगेंद्र सिंह, नितिन शर्मा, धर्मपाल सिंह, अनिल राज, मोहम्मद आरिफ, अंजू त्यागी, जितेंद्र सिंह, सौरभ अग्रवाल, दिलशाद, घनश्याम, प्रेम लता शर्मा, सुमन, रामसिंह और दिलशाद मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा खासपुरा में सफर-ए-शहादत की शुरूआत



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा खासपुरा में सफर-ए-शहादत की काफले की शुरूआत गुरुद्वारा खासपुरा से हुई। शाम पाँच बजे से विशेष दीवान सजाया गया। सर्वप्रथम सजे दीवान मे सुखमणि साहिब, पांच बाणी का पाठ व शबद कीर्तन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुरुद्वारे के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नीटू ने किया। उमरी से पहुंचे भाई सतवंत सिंह, भाई प्रदीप सिंह, बलविंदर सिंह शुभम, भूपेंद्र सिंह ने शब्द गुरबाणी तथा कथा विचारों से संगत को निहाल किया और बताया कि गुरु गोबिंद सिंह द्वारा आनंदपुर साहिब का किला छोड़ने के बाद मुगलों और पहाड़ी राजाओं की फौज के हमले के दौरान सरसा नदी पर गुरुजी का परिवार बिछड़ गया।इस दौरान छोटे साहिबजादों व माता गुजरी जी को गुरु घर का रसोइया अपने साथ ले गया। जबकि बड़े साहिबजादों गुरु गोबिंद सिंह और 40 सिंघों ने चमकौर की गढी में शरण ली।इस दौरान चमकौर में घमासान युद्ध हुआ पांच-पांच सिंघों का जत्था लड़ता हुआ शहीद हो गया। जिसमे गुरू गोबिंद सिंह जी से आशीर्वाद लेकर बड़े साहिबजादा बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह जंग के मैदान में लड़ते हुए शहीद हुए। गुरुद्वारे के प्रधान चरणजीत सिंह, सेक्रेटरी महिपाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह, हरपाल सिंह राठौड़, गुरमीत सिंह, बलविंदर सिंह बिन्नी, जसवीर सिंह भोला, जितेंद्र सिंह गौड़, आतम सिंह, इकबाल सिंह पोथीवाल आदि सिख संगत मौजूद रहे।

# समाजसेवी ठाकुर वेद प्रकाश सिंह चाची का निधन

**वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** समाजसेवी ठाकुर वेद प्रकाश सिंह की चाची सुशीला देवी पत्नी स्वर्गीय तेजपाल सिंह ग्राम रूपपुर, चांदपुर का शनिवार की रात्रि 2:00 बजे देहांत हो गया है। सुशीला देवी अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ कर चली गई। प्रभु उनकी आत्मा को शांति दे और अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# पूर्व सभासद की हृदय गति रुकने से निधन, सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बा निवासी नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद शमशाद बैग उर्फ भूरा (60) का रविवार को अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करने लगे। गमगीन माहौल में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया।कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी शमशाद बैग उर्फ भूरा नगर पालिका परिषद में दो बार सभासद रह चुके थे। उन्होंने वर्ष 1998 और 2005 में अपने वार्ड से चुनाव जीतकर सभासद पद की जिम्मेदारी निभाई थी। स्थानीय राजनीति में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती थी और वह सामाजिक रूप से भी काफी सक्रिय थे। उनके सरल स्वभाव और मिलनसार छवि के कारण हर वर्ग में उनकी पहचान थी।परिजनों के अनुसार रविवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने आशंका जताई है कि उनकी मौत हृदय गति रुकने के कारण हुई है।जैसे ही उनके निधन की सूचना नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची, लोगों का उनके आवास पर तांता लग गया। जनाजे की नमाज में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। नम आंखों के साथ लोगों ने पूर्व सभासद को अंतिम विदाई दी। पूर्व सभासद के जनाजा नमाज में सैकड़ो लोगों शामिल हुए।

# आवारा कुत्तों का आतंक, महिलाओं-बच्चों पर लगातार हमले

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड महिला, पुरुष और बच्चों पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। हालात यह हैं कि आधा दर्जन से अधिक लोग सरकारी अस्पताल पहुंचकर एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाई और निस्तारण की मांग की है।नगर व ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों गलियों और सड़कों पर आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं, जो मौका मिलते ही लोगों पर हमला कर रहे हैं।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की कथा का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**मुरादाबाद :** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, जनपद मुरादाबाद के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की कथा का आयोजन प्रथम बार मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) अमरनाथ दीक्षित के द्वारा की गई अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा प्रोग्राम हेरिटेज होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इलाहाबाद से मुख्य अतिथि के तौर पर किशोर तिवारी आईपीएस पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक, संदीप बडोला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फामेर्सी काउंसिल, अभिषेक कौशिक पूर्व ओएचडी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पी एस उर्फ नीटू उपाध्याय के द्वारा की गई तथा संचालन जिला महामंत्री मुदित उपाध्याय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विनोद पांडे, हरीश दुबे गुरुजी, राजकुमार शर्मा, चंचल शर्मा, विशाल शुक्ला, शशांक शर्मा, अनुराग शर्मा, मुन्नू शर्मा, बंटी शर्मा वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नितिन शर्मा, अखिल भारतीय एकता परिषद के जिला मीडिया प्रभारी शरद शर्मा आदि ब्राह्मण बंधु कथा में सम्मिलित रहे।

# बिजनौर की डीएम जसजीत कौर का सरकारी आवास कुर्क होगा



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी आवास को कुर्क करने का आदेश सोशल मीडिया पर भी खूब जमकर वायरल हो रही है खबर मुरादाबाद की लैंड एक्विजिशन रिहेलिवेशन एंड रीसेटलमेंट अथॉरिटी/न्यायालय भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण के एक मामले में मुआवजा नहीं देने पर बिजनौर के जिलाधिकारी के सरकारी आवास को कुर्क करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने डीएम बिजनौर को तलब भी किया है कोर्ट ने निबंधन की शर्तों को तय करने के लिए 9 जनवरी 2026 को डीएम बिजनौर को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि कोर्ट के डिक्री के बावजूद डीएम ने जमीन के स्वामी को मुआवजा नहीं दिया।

# अपने नौनिहालों को दीनी तालीम और असरी तालीम दिलाएं- मो. हारून साहिल

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** रविवार को विकास खंड सेमरियावां के द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में मौजूदा हालात और हमारी जिम्मेदारिया विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव दुधारा स्थित द शान सेंट्रल एकेडमी में मौजूदा हालात और हमारी जिम्मेदारिया विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मो. हारून साहिल ने कहा कि अपने नौनिहालों को दीनी तालीम और असरी तालीम दिलाएं। बिना तालीम हासिल किए हम हालात का मुकाबला नहीं कर सकते। वर्तमान हालात में शिक्षा को ही अपना मिशन बनाएं। शिक्षित व्यक्ति ही समाज का भला कर सकता है। अपने नौनिहालों के अखलाक की भी तरबीयत करें। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद ने कहा कि हमें अपने क्षेत्र में इसको लेकर मिशन चलाना पड़ेगा।हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने और अपने बच्चों के अखलाक निगहबानी करें, उन्हें दीन की बुनियादी चीजे बताकर उनकी जेहनसाजी करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हाजी वसी अहमद खां, मौलाना अब्दुल हादी खां, हाफिज खैरुल बशर, फैजुर्रहमान, एजाज अहमद, मास्टर निजामुद्दीन, हाशिम आदमजाद, शमीम अहमद एडवोकेट ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# खैर हॉस्पिटल बस्ती ने द मॉडर्न पब्लिक स्कूल दुधारा में लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पब्लिक हेल्थ और सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी को बढ़ावा देने की भावना से, खैर मेमोरियल हॉस्पिटल बस्ती ने द मॉडर्न पब्लिक स्कूल, दुधारा में एक दिन का फ्री मेडिकल कैंप लगाया। मेडिकल कैंप में एक्सपर्ट डॉक्टरों ने करीब 250 मरीजों की जांच की और उन्हें फ्री दवाएं दीं। फ्री मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं ने हिस्सा लिया और फ्री मेडिकल कैंप का फायदा उठाया। मेडिकल कैंप में एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की, ब्लड प्रेशर, शुगर, आंख और स्किन की बीमारियों समेत कई बीमारियों का टेस्ट किया। मरीजों को फ्री दवाएं भी दी गईं, साथ ही हेल्दी लाइफस्टाइल के बारे में उपयोगी सलाह भी दी गई। इस मौके पर स्कूल मैनेजर मुहम्मद अहमद खान ने खैर हॉस्पिटल बस्ती की टीम का शुक्रिया अदा किया और कहा कि ऐसे कैंप लगाना न सिर्फ मरीजों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है। खैर हॉस्पिटल बस्ती के डॉ. मुश्ताक अहमद ने कहा कि संस्था आगे भी ग्रामीण और एजुकेशनल इलाकों में इसी तरह की सेवाएं देती रहेगी। ऐसे वेलफेयर प्रोग्राम जारी रखेगी ताकि बेसिक हेल्थ सुविधाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सकें।

# विश्व ब्राह्मण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी बरेली का किया भव्य स्वागत,

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




हापुड़ विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पं. रविकांत शर्मा के दिशानिदेर्शों पर राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. सोमदत्त शर्मा की अगुवाई में संगठन के पदाधिकारियों ने एसपी बरेली मानुस पारिक का उनके कार्यालय परिसर में फूलों का बुक्का भेंट कर जोरदार स्वागत एवं सत्कार किया।इस अवसर पर यूपी उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, जिलाध्यक्ष बरेली जितेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। एसपी बरेली मानुस पारिक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समाज से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. सोमदत्त शर्मा, यूपी उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, जिलाध्यक्ष बरेली जितेंद्र शर्मा, कल्लू प्रधान, आशु, दिनेश आदि रहे।

# सुरक्षा के मामले में भी इतनी बड़ी लापरवाही, हो सकती है किसी भी समय कोई दुर्घटना, विद्युत विभाग ने पल्ला झाड़ा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद सुरक्षा के मामले में भी टालम टोली की नीति अपनाते हुए विद्युत विभाग ने शिकायत से पल्ला झाड़ लियाआदर्श नगर निवासीआरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि रायपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 गढ़मलपुर में मौजूद फ्लाई ओवर ब्रिज का एक खंभा टूट कर ब्रिज के बराबर से गुजर रही 11 हजार की उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के पास से टच होने की स्थिति में आ गया है जिस कारण कभी भी कोई घटना घट सकती है और फ्लाईओवर ब्रिज के एंगिलो में भी करंट आ सकता है अत उक्त खंभे को सही कराया जाना जरूरी है उधर जनहित की शिकायत का समाधान करते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत ने कहा कि स्ट्रीट लाईट को स्थापित करने मरम्मत करने का कार्य नगर पालिका या ग्राम पंचायत के द्वारा संपादित किया जाता है विद्युत विभाग द्वारा नहीं विद्युत विभाग में संबंध में ना नगर पालिका को पत्र लिखा ना ही ग्राम पंचायत को और समस्या जस की तस बनी हुई है।



# सोमवार को साधु सेवा संग ठाकुर जी को अर्पित होंगे चांदी के पात्रों में 56 भोग

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** भक्ति, सेवा और श्रद्धा के अनुपम संगम का अद्भुत दृश्य रविवार को गोवर्धन धाम में देखने को मिला, जब श्री गिरिराज जी सेवक मंडल परिवार, आगरा द्वारा आयोजित दो दिवसीय 56 भोग दिव्य छप्पन भोग मनोरथ का प्रथम दिन विधिवत शुभारंभ हुआ। श्री गुरु कार्ष्णि आश्रम, बड़ी परिक्रमा मार्ग, आन्योर, गोवर्धन में आयोजित भव्य समारोह हरिओम महाराज के सानिध्य में गोविंदाभिषेक से आरंभ हुआ। 11 ब्राह्मणों ने चांदी की सुरभि गाय से परिक्रमा मार्ग के सभी कुंडों के जल एवं दुग्ध की धार के साथ गोविंद अभिषेक विधिवत संपन्न किया। इसके उपरांत, बैंड-बाजे और भजन मंडलियों के संग सभी सदस्यों ने चांदी के पात्र से सप्तधारा दुग्ध के साथ गोवर्धन महाराज की विराट परिक्रमा का शुभारंभ किया। इस परिक्रमा में गिरिराज जी डोले पर विराजमान रहे और भजन मंडली परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाती रही। अजय गोयल, मनोज कुमार गर्ग, श्याम सुंदर माहेश्वरी, पवन अग्रवाल, मनीष गोयल, नीरज अग्रवाल एवं नितिन अग्रवाल ने विधिवत रूप से परिक्रमा का मार्गदर्शन किया। अजय गोयल और मनोज कुमार गर्ग ने बताया कि पूरे दिन भक्तजन ह्वश्री गिरिराज धरण हम तेरी शरण केह्व के जयकारों के साथ परिक्रमा में सम्मिलित रहे ।परिक्रमा के बाद संध्या में सभी श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग स्थल पर भजन संध्या का आनंद लिया और मानव श्रृंखला बनाकर छप्पन भोग सजाने का कार्य संपन्न किया। श्यामसुंदर माहेश्वरी और पवन अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को ठाकुर जी को बाल भोग में खिचड़ी परोसी जाएगी। इसके बाद महिलाएं सीमा गोयल, स्वीटी गर्ग, उर्मिला माहेश्वरी, कविता अग्रवाल, मनीष गोयल और प्राची अग्रवाल के नेतृत्व में चांदी के कलश लेकर भाग लेंगी और आयोजन स्थल पर कलश स्थापित किया जाएगा। मनीष गोयल, नीरज अग्रवाल ने बताया कि 501 साधु सेवा और भक्तों के लिए ठाकुर जी के दर्शन का शुभारंभ होगा। ठाकुर जी भक्तों को गरुण ध्वज रथ पर विराजित होकर दर्शन देंगे। जिसकी शोभा अद्वितीय होगी। ठाकुर जी का श्रृंगार हीरे के हार, 3:30 फुट के चांदी के छत्र जोकि 11 किलो वजनी है से होगा। ठाकुर जी को 11 किलो के चांदी के थाल में छप्पन भोग परोसे जाएंगे। इसके अलावा सायं अमृततुल्य दूध चांदी के बर्तन में अर्पित किया जाएगा।

# क्षतिग्रस्त डॉ आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर अधिकारियों से मिला बसपा प्रतिनिधि मंडल



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जनपद की छाता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चौमुंहा ब्लॉक के कोकेरा गांव में 20 तारीख की रात को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी थी, जिसकी सूचना 21 तारीख को बसपा जिला अध्यक्ष को मिली। सूचना पाकर तत्काल बहुजन समाज पार्टी के यशस्वी जिला अध्यक्ष नरेश सिंह एवं बहुजन समाज पार्टी के समस्त जिला कमेटी एवं विधानसभा कमेटी के साथ घटनास्थल गांव कोकेरा पर पहुंचे पहुंचते ही उच्च अधिकारी जिसमें मुख्य रूप से एसडीएम छाता, सीओ छाता, तहसीलदार छाता, कोतवाली प्रभारी छाता, से मौके पर ही दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने एवं परम पूज्य बाबा साहब की प्रतिमा को तुरंत स्थापित करने के लिए कहा। साथ ही पार्क में तुरंत लाइट का कनेक्शन करने के लिए भी कहा जिसमें प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई का भरोसा दिलाया कि शाम तक बाबा साहब की प्रतिमा सम्मान सहित स्थापित हो जाएगी लाइट का कनेक्शन 48 घंटे के अंदर हो जाएगा। बसपा प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से मौजूद रहे जिला कार्यालय प्रभारी मुनेंद्र सिंह निगम, जिला महासचिव पवन बघेल, छाता विधानसभा प्रभारी महेश फालेंन, डॉ गिरधर सिंह, विधानसभा अध्यक्ष मोहर सिंह , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सिंह , प्रेम सिंह, महेंद्र सिंह लाडपुर, गिरधारी सिंह तरौली, राकेश सिंह, यशपाल सिंह, मौजूद रहे

## गैर संप्रदाय के युवक पर लड़की को फुसलाकर कर ले जाने का आरोप

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई है। परिजनों के अनुसार, 18 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 10 बजे किशोरी घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जांच-पड़ताल के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का गैर संप्रदाय का एक युवक, जो वर्तमान में दिल्ली में रहता है, किशोरी को अपने साथ ले गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उक्त युवक पूर्व में जहांगीराबाद क्षेत्र में लगे एक मेले के दौरान किशोरी से जबरन बातचीत करता था और विरोध करने पर धमकी भी देता था। परिजनों ने यह भी बताया कि किशोरी घर से सोने-चांदी के आभूषण और करीब 10 हजार रुपये नकद भी साथ ले गई है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। परिवार का कहना है कि जब इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत युवक के परिजनों से की गई तो उनके द्वारा भी धमकियां दी गईं। इससे परिजन भयभीत हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। पीड़ित पिता ने पुलिस से किशोरी को सकुशल बरामद करने, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

# दो दिवसीय किसान महोत्सव सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गरुड़,** दिनेश नेगी,हितैषी संस्था के तत्वावधान में यहां दो दिवसीय किर्साण महोत्सव आयोजित किया गया। पहले दिन महोत्सव का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख किशन सिंह बोरा द्वारा किया गया ।जबकि दूसरे दिन का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या,ब्लाक प्रमुख किशन सिंह बोरा,पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा,और पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण,द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विजेताओं को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पहाड़ के किसानों और महिलाओं को जागरूक करना रहा ।कार्यक्रम के दौरान पहाड़ की पारंपरिक खेती, जैविक कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया ।संस्थान द्वारा किसानों को खेती के साथ-साथ बागवानी अपनाने की सलाह दी गई, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके ।इस दौरान उन किसानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने खेती और कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है ।वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ की महिलाएं अत्यंत परिश्रमी होती हैं और उनका जीवन संघर्षों से भरा रहता है ।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खेती के साथ बागवानी और स्वरोजगार अपनाने की अपील की गई ।संस्था का उद्देश्य श्रम का सम्मान, पलायन को रोकना, और पहाड़ बचाना रहा ।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रियुनी लखमार की गीता देवी,कन्स्यारी की शोभा देवी द्वितीय,लखनी की चम्पा देवी तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को पंद्रह हजार,द्वितीय विजेता को बारह हजार ,तृतीय विजेता को क्रमशः दस हजार के साथ सभी विजेताओं को शॉल व थर्मस, देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। सिमार के क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित दसवें किर्साण महोत्सव में वक्ताओं ने कहा है कि आज मातृशक्ति ने प्रत्येक क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए हैं महिलाएं ही खेती किसानी की रीढ़ हैं ।किर्साण महोत्सव प्रतियोगिता में हितैषी संस्था के सचिव डॉ. किशन राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन त्रिलोक बुटौला ने किया। लोगों को खेती किसानी के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागियों, आयोजकों और क्षेत्रवासियों ने नारी के सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, जल, जंगल जमीन की रक्षा आदि स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ झांकी निकाली।

# पांच खभों की विद्युत लाइन को काट कर ले गए अज्ञात चोर

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर ऊंचागांव** कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र से आहार फीटर की लाइन को अज्ञात चोर शनिवार की देर रात्रि को काट कर ले गए। लाइन में बार ब्रेक आने से एस एस ओ ने लाइनमैन और अधिकारियों को सूचना दी। रविवार की सुबह लाइन को चैक करने पर लाइन का तार चोरी होने की जानकारी हुई। ऊंचागांव कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र से अहार फीटर की विद्युत आपूर्ति शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे से चल रही थी। उसी दौरान रात्रि करीब 9 बजे लाइन ब्रेकडाउन हो गई। जिससे 4 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद लाइन को दोबारा लगाया गया लेकिन बार-बार ब्रेक आने के कारण एस एस ओ ने विद्युत विभाग के आला अधिकारियों और लाइनमैन को सूचना दी। इसके बाद से करीब 10000 आबादी के चार गांव पिलखनी, रजापुर, शफीनगर और भगवंतपुर रात के अंधेरे में रहे। रविवार की सुबह होने पर विद्युत विभाग जेई और अन्य कर्मचारीयों ने विद्युत लाइन का निरीक्षण किया इस दौरान पुलिस चौकी ऊंचा गांव से करीब 150 मीटर दूरी पर बिजली के खंभे से विद्युत लाइन कटी हुई मिली आगे देखा गया तो पांच खंबो की लाइन कटी हुई मिली।

## निशुल्क आंखों की जांच शिविर का किया आयोजन



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** सेठ लख्मीचंद की धर्मशाला में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया बुगरासी ।आयोजन से पहले व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव गर्ग महामंत्री किशन तायलव कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंघल ने संयुक्त रूप से निशुल्क नेत्र में विधिवत धर्मशाला में हवन पूजन कराया गया जिसमें कस्बे के व्यापारियों ने हिस्सा लिया ।दिल्ली से आये जनक रानी ग्रोवर नेत्र सोसाइटी के डॉक्टर यशोदा मेडिसिटी व राम कृष्णा सव्रम फाउंडेशन के डॉक्टरों ने आंखों जांच की गई। डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि जांच में मुक्त बी पी शुगर ई सी जी बी एम डी जनरल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 232 मरीजों ने आंख की जांच कराई गई ।जिसमें लगभग 12 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। जिनका ऑपरेशन दिल्ली के लाइंस आई सेंटर होगा ।डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर नरेंद्र सिंह डॉक्टर जिया डॉक्टर विकास नेगी व समस्त स्टाफ मौजूद। आयोजन कर्तो में व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव गर्ग महामंत्री किशन तायल मीडिया प्रभारी मुकुल सिंघल कोषाध्यक्ष अमित सिंघल व कस्बे के व्यापारी मौजूद रहे।

# जल्द रेल लाइन निर्माण को स्वीकृति नहीं मिली तो होगा बड़ा जनांदोलन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,**टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति ने लंबे समय से जनांदोलन के बाद अब तक रेल लाइन निर्माण हेतु बजट स्वीकृत नही किए जाने पर नाराजगी जताई है। रेल मार्ग के लिए केंद्र सरकार द्वारा जल्द रेल लाइन का निर्माण किए जाने का आश्वासन दिया था ।जिसमें रेल लाइन निर्माण के सर्वे हेतु बजट स्वीकृत कराया गया था ।पर सर्वे के नाम पर बजट स्वीकृत करने के बाद भी अब तक रेल लाइन निर्माण हेतु बजट की स्वीकृति नही दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। बागेश्वर-टनकपुर रेल लाइन संघर्ष समिति की अध्यक्ष नीमा दफौटी के नेतृत्व में नाराज संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार पर झूठा आश्वासन देने का आरोप लगाते हुए विरोध में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि वह 22 साल से रेल लाइन निर्माण हेतु संघर्ष किया जा रहा है। लेकिन सरकारें कोरे आश्वासन देकर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे है ।गत वर्ष रेल लाइन निर्माण के नाम पर जल्द रेल लाइन निर्माण को स्वीकृति हेतु बजट स्वीकृत किए जाने और इसे राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने के नाम पर जल्द रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति होने को लेकर सरकार द्वारा एक खुशी दी थी, पर रेल लाइन का बजट मिलने का अब तक इंतजार किया जा रहा है ।ऐसे में केवल कोरे आश्वासन से रोज बजट मिलने की आशा में रेल लाइन निर्माण केवल एक सपना बनकर रह गया है ।नाराज संघर्ष समिति ने अब हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर केंद्र सरकार के वायदे कितने सही है इसको लेकर नया अभियान चलाने की बात कही ।समिति के लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में महेंद्र सिंह कोश्यारी ने कहा कि रेल संघर्ष के लिए 22 साल से आंदोलन कर रहे हैं ।बागेश्वर से लेकर जंतर-मंतर तक आंदोलन व धरना दिया गया है। रेल आने से पलायन पर भी रोक लगेगी। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष कुमार ने कहा कि अब छात्रों को आंदोलन से जोड़ा जाएगा। पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल ने संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष नीमा दफौटी ने कहा कि रेल मार्ग की सर्वे ब्रिटीशकाल से हुई है।

# क्रिकेटर विशेक कुमार एवं उनके कोच प्रोफेसर भीष्म सिंह का हुआ जोरदार स्वागत।



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** भारतीय विश्वविद्यालय टीम की आस्ट्रेलिया विश्व विद्यालय टीम के साथ सीरीज जीत में अहम योगदान देने वाले अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी एवं प्रोफेसर भीष्म सिंह के छात्र विशेक कुमार रविवार को आस्ट्रेलिया दौरे से वापस लौटे तो उनका जोरदार स्वागत हुआ। सबसे पहले चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें भाव पूर्ण नमन किया गया। तत्पश्चात लगभग पचास गाड़ियों के काफिले के साथ काले आम पर अमर शहीद सरदार भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया ।इसी कड़ी में अंसारी रोड चौराहा स्थित भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात डीएवी कालेज के मैदान पर जोर दार स्वागत सत्कार किया गया। प्रोफेसर भीष्म सिंह को उनके कोच होने के नाते शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके पिता निराला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुनेश गिरी और छात्र नेता अमरपाल लोधी ने किया। इस अवसर पर प्रमोद लोधी सुखदेव शर्मा महेश गुप्ता संदीप शर्मा वेदवीर पंवार सचिन लोधी सहित अन्य क्रिकेट खिलाड़ी एवं विभिन्न गांवों से आए सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार की प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि,भंडारे के साथ गरीबों को वितरित किए गए कंबल

**डिबाई (बुलंदशहर):** नगर के वरिष्ठ एवं लोकप्रिय पत्रकार स्वर्गीय अनोखे लाल वार्ष्णेय की प्रथम पुण्यतिथि पर नगर व क्षेत्र में भावुक वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर रमेश गुरुजी वेद विद्यालय, पक्का घाट कर्णवास में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व उनके निवास स्थान पर विधि-विधान से सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें परिजनों व शुभचिंतकों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए कर्णवास स्थित पावन गंगाघाट पर गरीब व असहाय लोगों को 21 कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर दिखी मुस्कान ने स्वर्गीय अनोखे लाल वार्ष्णेय के जीवन मूल्यों और सामाजिक सरोकारों को साकार कर दिया। भंडारे में शामिल सभी श्रद्धालुओं, पत्रकार साथियों एवं क्षेत्रवासियों ने स्वर्गीय अनोखे लाल वार्ष्णेय के चित्र पर गुलाब के फूल अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके सरल, निष्पक्ष एवं जनसेवा से जुड़े पत्रकारिता जीवन को स्मरण किया।

## ठंड और कोहरे के बीच पुलिस सिंगार में दिखीं जांच करते तो गुरसरांय में पैदल गश्त

वेलकम इंडिया

**गुरसरांय (झांसी)।** 21 दिसंबर रविवार को गुरसरांय पुलिस गुरसरांय थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर गुरसरांय नगर में भीषण ठंड के बीच घने कोहरे में जहां ग्राम सिंगार में मृदुल निरंजन बीटेक छात्र सिंगार निवासी की रहस्य में मौत की बारीकी से जांच करने में जुटी देखी गई तो देर शाम गुरसरांय की मुख्य सड़कों से लेकर मुख्य बाजार सार्वजनिक स्थानों प्रमुख चौराहा पर पैदल गश्त कानून व्यवस्था का धरातल पर शत- प्रतिशत पालन हो को लेकर काम करते देखी गई। जिसके चलते आज आवागमन सुचारू रूप से देखा गया पुलिस की पैनी नजर शराब पीकर अराजकता फैलाने वालों पर विशेष थी। वही शिक्षण संस्थाओं पर भी व्यवस्था को लेकर पुलिस की नजर रही।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस एनुअल एथलेटिक्स मीट 2025 का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़** ।जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ में जेएमएस एनुअल एथलेटिक्स मीटझ2025 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। अंतरस्कूलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 38 विद्यालयों के लगभग 450 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल, सेक्रेटरी डॉ. रोहन सिंघल एवं प्रधानाचार्य डॉ. निधि मलिक द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण, पंजाबी सभा हापुड़ के सचिव कणिक केहर, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भारत व भारतीय दलित पिछड़ा वर्ग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दीपक चंद्रा, जिला हैंडबॉल सचिव डॉ. डॉली त्यागी, पार्षद मोनू बजरंग, क्रीड़ा भारती नगर पिलखुवा अध्यक्ष राजेंद्र राठी एवं जिला मंत्री मनप्रीत खैरा उपस्थित रहे ।जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण ने अपने संबोधन में कहा कि जेएमएस वर्ल्ड स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रेरणादायक आयोजन करता आ रहा है। वहीं डॉ. डॉली त्यागी ने कहा कि 2036 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों की तैयारी आज से ही शुरू होनी चाहिए, जिससे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो सके ।विद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए ।विभिन्न आयु वर्गों के प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे आयु वर्ग 16 (बालक वर्ग झ 400 मीटर)प्रथमः आतिफे द्वितीयः अयाने तृतीयः देवआयु वर्ग 14 (बालिका वर्ग झ गोला फेंक)प्रथमः दृष्टि त्यागी द्वितीयः शगुन पूनियो तृतीयः खुशीआयु वर्ग 12 (बालिका वर्ग भाला फेंक)प्रथमः यशिका कपूरे द्वितीयः अंशिका त्यागी तृतीयः जिया कपूरआयु वर्ग 12 (बालक वर्ग झ भाला फेंक)प्रथमः यश शर्माआयु वर्ग 12 (बालिका वर्ग झ 100 मीटर दौड़)प्रथमः वेदिको द्वितीयः देवांशी तृतीयः गुरवानीआयु वर्ग 12 (बालक वर्ग झ 100 मीटर दौड़)प्रथमः हिमांशु द्वितीयः अक्षे तृतीयः सागरआयु वर्ग 14 (बालिका वर्ग चक्का फेंक)प्रथमः शगुने द्वितीयः चंचलआयु वर्ग 16 (बालिका वर्ग झ डिस्कस थ्रो)प्रथमः आशु द्वितीयः काकुल तृतीयः हरमनआयु वर्ग 18 (बालिका वर्ग डिस्कस थ्रो)प्रथमः ईशु मार्वी द्वितीयः सौम्या चौधरी तृतीयः अंशिकाआयु वर्ग 16 (बालक वर्ग झ 800 मीटर दौड़)प्रथमः हर्षिते द्वितीयः दीपांशु े तृतीयः सक्षमआयु वर्ग 16 (बालिका वर्ग झ 800 मीटर दौड़)प्रथमः प्रांशी द्वितीयः मानवी े तृतीयः पालक भाटी एवं नंदनीकार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. आयुष सिंघल एवं डॉ. निधि मलिक ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# जतीपुरा में भारतीय संस्कारों और सुविधाओं से युक्त रूपशकुन वृद्धाश्रम का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज तलहटी के जतीपुरा में महेश्वरी परिवार शकुन ग्रुप, जयपुर द्वारा ह्नरूपशकुनह्व ओल्ड एज होम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान, सुरक्षा और परिवार जैसा वातावरण देने के साथ-साथ आधुनिक जीवनशैली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रूपशकुन केवल एक वृद्धाश्रम नहीं, बल्कि बुजुर्गों के लिए ऐसा आधुनिक और संवेदनशील आवासीय परिसर है, जहाँ परंपरागत भारतीय संस्कारों के साथ-साथ आज की सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी गई है। यहाँ उम्र को सीमितता नहीं, बल्कि अनुभव और आत्मसम्मान के साथ सक्रिय जीवन जीने का अवसर माना जाता है। रूपशकुन की विशेषता इसका सेवा-प्रधान दृष्टिकोण है।

सीमित संख्या में वरिष्ठ नागरिकों को निवास प्रदान कर प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत आवश्यकताओं, पसंद और दिनचर्या का ध्यान रखा जाएगा। रूपशकुन में स्वच्छ एवं सुरक्षित आवास, संतुलित व पौष्टिक भोजन, चिकित्सकीय परामर्श एवं नियमित स्वास्थ्य निगरानी, हर समय केयर सपोर्ट, आधुनिक स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था, शांत हरित परिसर, टीवी, पढ़ने व संवाद के लिए कॉमन एरिया, तथा हल्की योग, ध्यान और मनोरंजन गतिविधियाँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे बुजुर्ग एक सक्रिय, आत्मनिर्भर और सकारात्मक जीवनशैली अपना सकें।महेश्वरी परिवार ने बताया कि ह्नरूपशकुन हमारा सामाजिक दायित्व है।हमारा उद्देश्य बुजुर्गों को केवल सुरक्षित आश्रय नहीं, बल्कि सम्मान, सुविधा और आधुनिक जीवनशैली के साथ खुशहाल जीवन देना है।ह्नशकुन ग्रुप ने समाज के सभी वर्गों से इस मानवीय पहल से जुड़ने का आह्वान किया है, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को एक गरिमामय, सुरक्षित और सुखद जीवन प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर बल्लभ दास महेश्वरी, कृष्णदास के.डी.महेश्वरी, गोकुलदास महेश्वरी, जमुना दास महेश्वरी, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह,मथुरा सांसद हेमामालिनी के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा,श्रीनाथ जी मंदिर पूंछरी से चंदू मुखिया, राम मुखिया, महेश मुखिया,घनश्याम मुखिया, नरहरि मुखिया, व्यापार मंडल गोवर्धन के अध्यक्ष गणेश पहलवान, नारायण लाल पुरोहित, दाऊजी पुरोहित, भरत कौशिक, इशू कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# मूवर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का पांचवां वार्षिक सम्मेलन वाराणसी मे संपन्न

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** वाराणसी में मूवर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का पांचवां वार्षिक सम्मेलन बड़े धूमधाम से सिगरा स्थित होटल स्क्वायर यस में संपन्न हुआ। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के घर के सामान ऑफिस सामान कार टू व्हीलर के साथ-साथ हेवी मशीनरी को एक शहर से दूसरे शहर में सुरक्षित पहुंचना है इसके साथ-साथ अगर ग्राहकों के साथ कोई भी फ्रॉड होता है तो कंपनी उसकी तत्काल सहायता करती है। इस कंपनी की शुरूआत 2020 में मुंबई से हुई थी इस कंपनी के संस्थापक पीके शर्मा जो कोचिंन के रहने वाले हैं एवं सह संस्थापक जी डी प्रधान कोलकाता के हिमांशु गला, मुंबई विनोद शर्मा, चंडीगढ़ वीरेंद्र सिंह नागपुर के है।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रचलन कर एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुई कंपनी के संस्थापक पीके शर्मा ने बताया कि हमारी संपूर्ण भारत में 62 शाखाएं हैं उत्तर प्रदेश के अंदर हमारे 7 शाखाएं हैं। कार्यक्रम में ग्राहकों की सुविधा एवं बेहतर सेवा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार दुबे पूर्व ब्लॉक प्रमुख भदोही एवं विशिष्ट अतिथि राजेंद्र दुबे जिला महामंत्री भाजपा एवं अमरदीप भास्कर रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने वक्तत्व में कहा कि यह कंपनी दिन पर दिन अपने ग्राहकों के भरोसे पर खरी उतर रही है और आगे भी यह कंपनी इस तरीके से ग्राहकों का विश्वास जीतती रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न शहर से आए अतिथियों का आयोजको ने अंगवस्त्रम एवं बाबा काशी विश्वनाथ का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीष तिवारी, आशीष तिवारी, कुंदन सिंह, पवन सिंह, हरीश एवं तमाम सदस्य गण शामिल रहे।

# कॉस्मेटिक- केमिकल्स का जहरीला सैलाब: स्मार्ट सिटी की नदियां बनीं ह्यजहरीले नाले

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** स्मार्ट सिटी की नदियों का पानी अब जीवन नहीं, जहरीला खतरा बन चुका है। पानी में कॉस्मेटिक, डिटर्जेंट और केमिकल डाईज का ऐसा घातक मिश्रण घुल गया है कि नदी के किनारे उतरते ही तेज बदबू, झागदार परत और कालेपन की मोटी लकीरें दिखाई देती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नदियों का पानी अब स्नान या उपयोग तो दूर, छूने भर से त्वचा पर जलन, रैशेज, फंगल संक्रमण और गंभीर स्किन एलर्जी का खतरा पैदा कर रहा है। नदियों में जहरीले तत्वों का स्तर लगातार तेजी से बढ़ रहा है। सीवर की गंदगी, फैक्ट्रियों का रासायनिक कचरा, कॉस्मेटिक और डिटर्जेंट के माइक्रो पार्टिकल्स मिलकर पानी को पूरी तरह विषाक्त बना रहे हैं। पानी की सतह पर रसायनों की परत तैर रही है, जिसमें बदबू और केमिकल का असर इतना भरा हुआ है कि पानी के संपर्क में आने पर त्वचा पर झनझनाहट और घाव जैसी प्रतिक्रियाएं संभव हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ साल पहले तक नदियों का पानी साफ दिखाई देता था, घाटों पर लोग नहाते थे और बच्चे पानी में खेलते थे। लेकिन अब हालत ऐसी है कि लोग किनारे खड़े होने से परहेज कर रहे हैं। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि नदी किनारे रहने वाले कई लोगों की त्वचा पर दाने, फोड़े, खुजली और चकत्तों की समस्या बढ़ी है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रदूषण का घातक स्तर अब इतना बढ़ चुका है कि यह नदियां शहर के लिए गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संकट बन चुकी हैं। शरीर पर पानी गिरने से ही रसायन सीधे त्वचा के रोमछिद्रों में घुस जाते हैं और संक्रमण तेजी से बढ़ता है। यह पानी पीने, नहाने और सिंचाई के लिए पूरी तरह असुरक्षित है। यहां तक कि जिन लोगों के नदियों के आसपास घर हैं और वह अपने हैंडपंप के पानी को पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं। नदियों की वजह से भाभी प्रदूषित हो गया है। स्वास्थ्य विभाग और डॉक्टरों ने चेतावनी जारी की है कि यह जहरीला पानी लंबे समय तक संपर्क में रहने वालों को स्किन कैंसर, फंगल संक्रमण और एलर्जी जैसी गंभीर बीमारियों की ओर धकेल सकता है। वहीं पर्यावरण विशेषज्ञों की मानें तो नदियों में घुलने वाले ये रसायन जलीय जीवन को तो समाप्त कर ही रहे हैं, साथ ही आगे चलकर भूजल को भी विषाक्त कर सकते हैं। लोगों में बढ़ती जलन, खुजली और त्वचा संक्रमण के मामले देखकर साफ है कि स्मार्ट सिटी की चमक के बीच नदियां मृत्यु के कगार पर हैं। जहरीले रसायनों का यह सैलाब न केवल शरीर को छूकर नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि शहर की हवा, मिट्टी और प्राकृतिक संतुलन को भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

## नागर प्रधान की दादी विद्या देवी के निधन पर जताया शोक

**गुरसरांय (झांसी)।** प्रधान नागर अनुज कुमार द्विवेदी की दादी विद्या देवी 70 वर्ष की आयु मे निधन पर एक शोक सभा सार्थक नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें शोक दिवंगत आत्मा व शोक संतृप्त परिवार हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा में वरुणकांत त्रिपाठी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरपुरा,रोहित द्विवेदी कैरोखर,रमेश पटेरिया मिंटू,जगजीवन जे जे मिश्रा,हेमंत विदुवा रामजी,अभिषेक चतुर्वेदी,सुमित पाठक,विशाल द्विवेदी,नितिन मिश्रा,पवन द्विवेदी परसुवा,मुकेश त्रिपाठी पटकाना,दीपक पाठक,सौरभ द्विवेदी,यश अडजरिया,निखिल गौतम,रामजी मोनस,अभिषेक द्विवेदी,अभय दुबे,मयंक मिश्रा आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया राष्ट्रीय स्तर के पहलवान का भव्य अभिनंदन


वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जनपद की गोवर्धन तहसील स्थित ग्राम नगला सबला के होनहार पहलवान रवि कुन्तल (पौत्र दामोदर कुन्तल) ने राष्ट्रीय फ्री-स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के 70 किग्रा वर्ग में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर गांव आगमन के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने पहलवान रवि कुन्तल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं की मेहनत और अनुशासन ही उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। ऐसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और भविष्य में देश के लिए और भी पदक लाएंगे। समारोह में विनोद प्रमुख दीपक चौधरी प्रहलाद सिंह पुष्पेंद्र मास्टर राजेंद्र प्रधान (उमरी), डॉ. रमेश सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने विजेता पहलवान का गर्मजोशी से स्वागत कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संयोजन हरिशंकर पहलवान, डॉ. रमेश कुन्तल (आढ़तिया), डॉ. ऐवज कुन्तल, कमल सिंह, रणवीर सिंह, जसवंत सिंह एवं समस्त कुन्तल परिवार ने किया। समारोह का समापन खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# जमीनी विवाद में हुए मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा, पीएसी तैनात

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया





**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड चौराहे के पास शनिवार की रात जमीनी विवाद को लेकर अधिवक्ता त्रिलोकी नाथ मिश्रा व मोहन लाल यादव उर्फ बाउल के बीच हुए विवाद के मामले में मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार को मोहन लाल यादव के तहरीर पर ठठरा गांव (कछवांरोड) निवासी अधिवक्ता त्रिलोकी नाथ मिश्रा, विजय कुमार मिश्रा, हृदय नारायण मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, यज्ञ नारायण मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, प्रिंस कुमार मिश्रा, विपिन कुमार उपाध्याय, सुमित कुमार समेत आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा।

मारपीट, जान से मारने की धमकी देना लूटपाट समेत गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया वही अधिवक्ता त्रिलोकी नाथ मिश्रा के तहरीर पर राजकरन यादव, पताली यादव, शिवलाल यादव, अमृत लाल, मोहन लाल यादव, संतलाल, बसंत लाल, हिंचलाल व आकाश के खिलाफ भी बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

मिजार्मुराद पुलिस ने एक पक्ष से घायल आकाश यादवमोहन लाल यादव उर्फ बाउल, बसंत लाल यादव, पप्पू यादव व हीरालाल व दूसरे पक्ष से त्रिलोकी नाथ यादव व पवन मिश्रा को मेडिकल हेतु जक्खिनी स्थित सीएचसी भेजकर दवा इलाज कराने के साथ ही मेडिकल करवाई।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए पीएसी के साथ अन्य थानों की बुलाई गई फोर्स तैनात किया गया है शांति व्यवस्था कायम है।

## राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित हुए बेखौफ शायर डॉ. नरेश कुमार

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के छोटे से गांव मुरादपुर स्थित सागर कॉलोनी में रहने वाले प्रख्यात कवि एवं बेखौफ शायर डॉ. नरेश कुमार ह्यसागरह्व को राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें साहित्य के क्षेत्र में निरंतर योगदान एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत रचनाओं के लिए प्रदान किया गया।डॉ. सागर इससे पूर्व भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजे जा चुके हैं। उनके नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें इंटरनेशनल साहित्य अवार्ड, डॉ. अंबेडकर फेलोशिप सहित सैकड़ों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

# प्रयागराज माघ मेला 2026: डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री के सानिध्य में भव्य भूमि पूजन संपन्न

सनी कुमार केसरवानी



**प्रयागराज** माघ मेला 2026 के अंतर्गत आज एक अत्यंत पावन, भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में भूमि पूजन का विधिवत आयोजन संपन्न हुआ। पूज्य गुरुदेव पं. देवप्रभाकर शास्त्री ह्लदद्दा जीह्व की पुण्य स्मृति में, पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी के दिव्य सानिध्य एवं आशीर्वाद से आयोजित होने वाले असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ के लिए यह भूमि पूजन यज्ञ के संयोजक श्री योगेश चंद्र यादव के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया। मेला प्रशासन द्वारा आवंटित भूमि पर जैसे ही भूमि पूजन संपन्न हुआ, संपूर्ण परिसर ह्लहर-हर महादेवह्व के गगनभेदी उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। भूमि पूजन के साथ ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण शिविर, यज्ञ मंडप, कथा पंडाल एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियां तेजी से प्रारंभ कर दी गई हैं। इस अवसर पर डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री जी ने अपने संदेश में कहा—ह्लमाघ मेला क्षेत्र में होने वाला यह महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि, लोककल्याण और सामाजिक समरसता का विराट माध्यम है। पार्थिव शिवलिंग निर्माण और श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से जन-जन में शिवभक्ति, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार होगा। मैं सभी श्रद्धालुओं से आह्वान करता हूं कि वे इस पुण्य अवसर में सहभागी बनें और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।ह्व 13 से 19 जनवरी 2026 तक होगा मुख्य आयोजन भूमि पूजन के पश्चात यह दिव्य आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक माघ मेला क्षेत्र में संपन्न होगा, जिसमें— असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्राभिषेक एवं सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट का प्रदर्शन, यूएनओ से हस्तक्षेप की मांग

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही निरंतर हत्याओं, धार्मिक उत्पीड़न एवं मानवाधिकार उल्लंघनों के विरोध में यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नवीन शाहदरा में एक जोरदार प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र (यूएनओ) एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई।प्रदर्शन के दौरान यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के महासचिव एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय भय और असुरक्षा के वातावरण में जीवन जीने को मजबूर है। आए दिन हो रही हत्याएं, लूटपाट, धार्मिक स्थलों पर हमले और जबरन धर्मांतरण मानवता को शर्मसार करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के फर्जी पुतले को फांसी पर लटकाकर जलाया जाना इस बात का प्रमाण है कि स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है।जय भगवान गोयल ने कहा कि यह केवल किसी एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज के अस्तित्व पर सीधा हमला है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि यही घटनाएं किसी अन्य समुदाय के साथ होतीं तो वैश्विक मंचों पर हंगामा मच जाता।उन्होंने मांग की कि यूएनओ बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर अल्पसंख्यक हिंदुओं की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और धार्मिक उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगे। साथ ही भारत सरकार से अपील की गई कि बांग्लादेशी हिंदुओं के मुद्दे पर सख्त कूटनीतिक रुख अपनाए और पीड़ित हिंदुओं को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के अंतर्गत संरक्षण प्रदान करे।जय भगवान गोयल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सनातनी हिंदुओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है और यदि इस अधिकार को छीनने का प्रयास किया गया तो हिंदू समाज किसी भी परिस्थिति में चुप नहीं बैठेगा। अंत में प्रधानमंत्री भारत सरकार से इस विषय पर त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित हिंदू समाज को न्याय दिलाने की मांग की गई।इस अवसर पर संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# डीपीएस प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़** जनपद के नगर के डी पी एस प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया,जिसका शीर्षक सप्तरंग था।इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे,महिला थाना अध्यक्ष अरुणा राय,डॉ सुमन अग्रवाल,सुनीता स्वामी रही।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रवजलन के साथ हुआ जिसमें अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। सप्तरंग के अंतर्गत बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न रंगों और विषयों पर आधारित कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति और अनुशासित मंच संचालन ने सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा अग्रवाल जी ने बच्चों की उपलब्धियां की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते है। उन्होंने अभिभावक के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप शिल्ड मेडल पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी अध्यापिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

# संस्था के पदाधिकारियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुकेश प्रजापति

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में जिला कार्यालय भगवती गंज, हापुड़ पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की गई।महिला ब्रिगेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर बल देते हुए कहा कि समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सभी पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। वहीं महिला ब्रिगेड की जिला प्रवक्ता डॉ. सरंगम अग्रवाल ने संगठन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों के सामाजिक, शैक्षिक एवं प्रशासनिक अनुभव की जानकारी साझा की।जिला सचिव मुकेश प्रजापति ने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों का सम्मान सर्वोपरि है और संस्था के दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की उपेक्षा स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में सभी इकाइयों के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए। साथ ही सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित करना, पर्यावरण शुद्धि हेतु हवन करना तथा जन-जन में देशभक्ति की भावना जागृत करना रहेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संरक्षक शंशाक मुनि त्यागी ने की तथा संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी ने किया।बैठक में महिला ब्रिगेड की जिला संयोजिका पूनम सिंघल, जिला सचिव प्राची खुल्लर, कुसुम त्यागी, जिला सह-सचिव विजय वर्मा, जिला संगठन मंत्री ठाकुर अजीत सिंह तोमर, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, युवा कमांड के जिला अध्यक्ष तरुण ध्यानी, उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, धौलाना तहसील अध्यक्ष कुलदीप तोमर, हापुड़ तहसील अध्यक्ष सतबीर प्रधान, हापुड़ नगर अध्यक्ष रिशिपाल प्रजापति, उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा सहित प्रशासनिक सदस्य मोनू खान, चौधरी कर्मवीर सिंह, खेमचंद जाटव आदि उपस्थित रहे।

# राजीव कुमार अमीन निर्विरोध राजस्व अमीन संघ के बने

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर** राजस्व अमीन संघ की आम बैठक में पहासू निवासी राजीव कुमार को जिलाध्यक्ष चुना गया है। निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद हारून ने उनके निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की है। राजीव कुमार इस समय शिकारपुर तहसील में तैनात है।उनके निर्वाचन पर सर्वसम्मति से जनपद के सभी अमीनों ने निर्विरोध चुना है और साथ में जनपद की कमेटी को भी जनपद के सभी अमीनो ने निर्विरोध चुना निर्विरोध चुनाव होने के बाद अमीन और आम जनता के लोगों ने उनको फूल माला पहना कर स्वागत कर बधाई दी है।जिलाध्यक्ष बनने के बाद राजीव कुमार ने कहा है कि मैं अपने पद का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा जिलाध्यक्ष के साथ साथ जनपद की कमेटी को भी निर्विरोध बनने पर बधाई दी गई। जिसमें कृष्ण कुमार शर्मा उपाध्यक्ष, मनोज शर्मा उपाध्यक्ष, मनवीर सिंह उपाध्यक्ष, अर्जुन सिंह राघव उपाध्यक्ष, सुखपाल सिंह जिला मंत्री, निजाकत अली उपमंत्री, जगदीश शर्मा कोषाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह राघव उप कोषाध्यक्ष तेजवीर सिंह ऑडिटर, मुनेश कुमार मीडिया प्रभारी

इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि राजस्व अमीनों की समस्या तथा उनके समाधान के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

# कांग्रेस महासचिव ने बांटे कंबल




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर: स्याना** में रविवार को कांग्रेस जिला महासचिव आदिल चौधरी ने भीषण सर्दी के मद्देनजर जरूरतमंदों और संत-साधुओं को कंबल व गर्म कपड़े वितरित किए। यह वितरण मांडू आश्रम और सिद्ध बाबा स्थल गांव जलालपुर में एव मदरसों पर किया गया।इस पहल के तहत, आदिल चौधरी ने विशेष रूप से आश्रमों में रहने वाले संत-साधुओं एवं मदरसों एव निर्धनों को ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्र और कंबल भेंट किए।इस अवसर पर आदिल चौधरी ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। उन्होंने जोर दिया कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों तक पहुंचना और उनकी सहायता करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही उनकी प्राथमिकता है।कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान चौधरी आदिल चौधरी के साथ एडवोकेट ओसामा चौधरी (स्याना), नरेंद्र शर्मा (मवई) और किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी (धन्यावली) सहित अन्य साथी भी मौजूद रहे।

# रोज नया मुकदमा, रोज नया शिकार! नटवरलाल कन्हैया गुलाटी पर 17 एफआईआर

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**




**बरेली।** ठगी, झूठे प्लान और अमीर बनाने के सपनों का जाल... बरेली में नटवरलाल कन्हैया गुलाटी की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं। बीते महज डेढ़ महीनों में कन्हैया गुलाटी पर 13 नई एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं, जबकि 4 मुकदमे पहले से अदालत में चल रहे हैं।यानी अब तक ठगी के कुल 17 मुकदमों में उसका नाम दर्ज हो चुका है। मामला तूल पकड़ता देख एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने जांच को तेज रफ्तार दे दी है।कन्हैया गुलाटी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं।आए दिन उसके खिलाफ ठगी के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कंपनी के फर्जी प्लान के नाम पर लाखों की ठगी का है। एसएसपी के आदेश पर इज्जतनगर थाने में कन्हैया गुलाटी समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गुरुनानक कॉलोनी निवासी ललित मोहन ने आरोप लगाया कि कैनविज ग्रुप ऑफ कंपनीज ने सुनियोजित तरीके से झूठे प्लान दिखाकर ठगी की। पीड़ित के मुताबिक कन्हैया गुलाटी और जगतपाल मौर्य ने केएम एसोसिएट्स के नाम से मोटे मुनाफे का लालच दिया। 23 दिसंबर 2024 को ललित मोहन ने 4 लाख 25 हजार रुपये कंपनी में लगाए। इतना ही नहीं, उनके भाई अमित यादव ने भी 2 लाख रुपये निवेश कर दिए। भरोसा दिलाया गया कि स्कीम में जबरदस्त फायदा मिलेगा और मूलधन कभी भी वापस लिया जा सकता है।

15 मई को रकम लौटाने का वादा किया गया, लेकिन पैसा नहीं मिला। फिर 60 दिन का बहाना बनाया गया। आखिरकार 7 नवंबर 2025 को दो चेक थमाए गए। जब पीड़ित बैंक पहुंचा तो कंपनी के खाते में महज 3500 रुपये निकले! पैसे मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि पहले पुलिस ने शिकायत पर सुनवाई नहीं की, लेकिन अब एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद इज्जतनगर पुलिस ने कन्हैया गुलाटी, जगतपाल मौर्य, विशाल मौर्य, राहुल मौर्य और पुष्पेन्द्र चंद्रा उर्फ सोनू चंद्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ये ठगी की कहानी यहीं खत्म नहीं हुई, कैनविज ग्रुप ऑफ कंपनीज ने अमीर बनने का सपना दिखाकर शाहजहांपुर के युवक से भी लाखों की ठगी कर डाली। शाहजहांपुर जिले के बंडा थाना क्षेत्र के गांव भौरखेड़ा निवासी अंकित कुमार ने बताया कि कैनविज ग्रुप के लाइन ऑफ कैनविज योगेन्द्र कुमार गंगवार, फाउंडर मेंबर प्रमोद सिंह परिहार और जितेंद्र पटेल ने उसे बड़े मुनाफे का लालच दिया। आरोप है कि कंपनी के पदाधिकारी कस्बों में मीटिंग कर कहते थे एक लाख लगाओ, हर महीने 5 प्रतिशत और 2 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा, 20 महीने तक पैसा खाते में आएगा और 22वें महीने पूरा मूलधन वापस। शुरूआत में 7झ8 महीने तक पैसे दिए गए, फिर अचानक भुगतान बंद कर दिया गया। आखिरकार पीड़ित ने थाने का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित की तहरीर पर बारादरी थाने में कैनविज ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीएमडी कन्हैया लाल गुलाटी, योगेन्द्र कुमार, प्रमोद सिंह परिहार और जितेंद्र पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# इको फिल्म प्रोडक्शन के द्वारा किया गया 150 कलाकारों का सम्मान।




**वेलकम इंडिया**

**खुर्जा/बुलंदशहर/**रविवार को खुर्जा नगर के होम फिल्म प्रोडक्शन इको फिल्म प्रोडक्शन के द्वारा अन्य अन्य शहर से उपस्थित हुए 150 कलाकारों को पहासू रोड स्थित शिल्पा गार्डन खुर्जा में रील एंड रियल सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्य समाज सेविका व भाजपा नेता रंजना सिंह गौतम खुर्जा ने फीता काटकर किया। कलाकारों को अतिथियों के द्वारा शील्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्लेबैक सिंगर वसीम सिद्दीकी की परफॉर्मेंस से सभी कलाकार झूम उठे। प्रोडक्शन के अध्यक्ष विपिन सिसोदिया ने आए हुए सभी कलाकारों, अतिथियों टीम लीडर्स टीम मेंबरों का बुके देकर स्वागत व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर अभिषेक गोस्वामी सभासद भाजपा नेता राहुल सिंह राम दिवाकर राजीव रावत मधु कुमार सिंह राणा गौरव शर्मा वैभव जैन रामवीर चौधरी सोनी खान पूनम कुमारी कुलदीप सरधना अक्षय धामा वसीम सिद्दीकी दिनेश वर्मा नीरज सैनी शीतल रानी सचिन सिसोदिया नितिन सिसोदिया पत्रकार डीके निगम डॉ मन मोहन रोहिला आदि बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल।

# रेलवे ओवरब्रिज पर खतरनाक स्टंट करने वाला युवक गिरफ्तार, मोबाइल बरामद



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने रेलवे ट्रैक के ऊपर बने ओवरब्रिज पर खतरनाक तरीके से स्टंट करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, वायरल वीडियो में एक युवक सार्वजनिक स्थान पर जानलेवा स्टंट करता दिखाई दे रहा था, जिससे स्वयं उसकी जान के साथ-साथ आम जनता की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना पिलखुवा पुलिस ने अभियुक्त की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है, जिससे वीडियो बनाया गया था। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।हापुड़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि इस प्रकार के खतरनाक स्टंट न करें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# विवाहिता से छेड़छाड़, अश्लील वीडियों बनाकर वायरल करने की दी धमकी

**वेलकम इंडिया**




**औरंगाबाद/बुलंदशहर** कस्बे के एक मौहल्ला निवासी विवाहिता युवती को मौहल्ले का ही एक मनचला युवक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पचास हजार रुपए की मांग कर रहा है ।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नामजद आरोपी को तलाशा आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। कस्बे के मौहल्ला नयी बस्ती निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसके मौहल्ले का एक युवक अरसे से उसे परेशान करता आ रहा है। वह उसके फोन पर गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मार डालने की धमकी भी देता है। पीड़िता ने पुलिस को यह भी अवगत कराया है कि आरोपी युवक उसे उसकी अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल करने की धमकी देते हुए पचास हजार रुपए की मांग कर रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बिजेंद्र पुत्र कलवा निवासी मौहल्ला नयी बस्ती औरंगाबाद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की?। पुलिस ने नामजद आरोपी को तलाशा लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने कहा कि नामजद आरोपी को शीघ्र ही बंदी बनाकर जेल भेजा जाएगा।

# चिंता को छोड़कर आत्मचिंतन करने से होती है भगवत प्राप्ति- गुरु सिद्धार्थ जी

**जहांगीराबाद।** स्प्रिचुअल अवेयरनेस कृष्णा का एक विशाल संत समागम जहांगीराबाद स्थित आरसी फार्म हाउस में आयोजित किया गया।इस दौरान गुरु सिद्धार्थ जी की माता जी का समाधि दिवस धूमधाम से मनाया गया।यह समस्त आयोजन गुरुजी की अनन्य शिष्या पूनम बंसल, उनके परिवार व सभी भक्तों की देखरेख में संपन्न हुआ।इस संत समागम में आगरा, अलीगढ़, बरेली, बुलन्दशहर, गुड़गांव, फरीदाबाद आदि दूर दराज स्थानों से गुरुजी की संगत शामिल हुई। आयोजन की शुरूआत में गुरु सिद्धार्थ जी व गुरु मां ममता को पूनम बंसल ने आरती उतारकर व मस्तक पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।इसके बाद छोटे छोटे बच्चों ने सुंदर भजन पर नृत्य प्रस्तुत कर उनका अभिवादन किया।इसके पश्चात गुरु सिद्धार्थ जी व गुरु मां ममता ने दादा भगवान व गीता भगवान व अम्माजी के चित्र पर माला व पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया।

# भीषण ठण्ड को देखते हुए बढ़नी चेयरमैन ने अलाव व रैन बसेरा का किया निरीक्षण

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर क्षेत्र में बढ़ती कड़ाके की ठण्ड और शीतलहर को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत बढ़नी के सभी चौराहों पर अलाव जलनें का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को परखा और प्रमुख चौराहों पर जल रहे अलाव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि रैन बसेरों में साफ-सुथरे बिस्तर, गद्दे और कम्बलों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। ठण्ड से बचाव के लिए कमरों में उचित प्रबन्ध हों। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जायें ताकि बाहर से आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो। रैन बसेरों के निरीक्षण के बाद चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत बढ़नी के मुख्य चौराहों जैसे रेलवे स्टेशन के पीछे, मालगोदाम तिराहा, रामलीला मैदान सहित सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने देखा कि ठण्ड से राहत के लिए किन-किन स्थानों पर नगर पंचायत द्वारा अलाव जलवायें गये हैं।

# डीलरशिप के नाम पर बड़ा फजीवाड़ा! ई-रिक्शा कंपनी की एजेंसी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख हड़पे

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** ई-रिक्शा कंपनी की डीलरशिप दिलाने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने अ ाया है। आरोप है कि गाड़ी बेचने के बावजूद पीड़ित को न तो कोई मुनाफा दिया गया और न ही उसकी जमा की गई रकम लौटाई गई। उल्टा जब युवक ने अपने पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्राह्मपुरा निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शिव शक्ति स्टेट कॉलोनी निवासी मोहित खंडेलवाल ने खुद को एनईयूओएन मोटर कंपनी से जुड़ा बताते हुए ई-रिक्शा कंपनी की डीलरशिप दिलाने का लालच दिया। आरोपी ने संजय नगर में दुकान और सर्विस सेंटर खुलवाने के साथ-साथ आरटीओ कार्यालय में ट्रेड कोड खुलवाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने कहा कि हर ई-रिक्शा की बिक्री पर 20 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। झांसे में आकर सुनील ने एक अक्तूबर को गोपाल ट्रेडर्स के खाते में 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद 17 अक्तूबर को पांच हजार रुपये और लिए गए। इतना ही नहीं, डेढ़ लाख रुपये ट्रेड कोड खुलवाने के नाम पर वसूले गए।

# रियल इंटरनेशनल स्कूल में करियर काउंसलिंग सेमिनार संपन्न हुआ

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** रियल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की सबसे प्रतिष्ठित सेवा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के प्रति जागरूक करना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रसिद्ध यूपीएससी शिक्षाविद एवं लेखक सचिन सोलंकी (निदेशक, एसएसयूपीएससी क्लासेस) ने दीप प्रज्वलन कर सत्र की शुरूआत की।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आईएएस, आईपीएस, और आईएफएस, जैसे पदों तक पहुँचने के लिए केवल बुद्धिमानी ही नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही रणनीति की आवश्यकता होती है।सोलंकी ने कहा कि ₹यदि विद्यार्थी स्कूल स्तर से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लें, तो यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को भी पहले प्रयास में पास किया जा सकता है।₹ सेमीनार के दौरान छात्रों ने न केवल सिविल सेवा, बल्कि इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिफेंस, लॉ और मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों को लेकर भी अपनी शंकाएं रखीं।

सोलंकी ने संवादात्मक सत्र में प्रत्येक छात्र के प्रश्नों का विस्तार से उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। विद्यालय के डायरेक्टर पुनीत प्रजापति ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को अपने सपनों को हकीकत में बदलने की प्रेरणा मिलती है।प्रधानाचार्य सिमर प्रजापति ने अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेमिनार विद्यार्थियों में देश सेवा का जज्बा जगाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# बरेली के शराब माफिया गैंगस्टर के घर सहारनपुर पुलिस की दबिश, पुलिस ने डाला डेरा, सिंडिकेट का होगा पदार्फाश

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** टपरी डिस्टलरी के 35 करोड़ रुपये वाले शराब टैक्स चोरी मामले में गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद सहारनपुर पुलिस ने शनिवार देर रात बरेली में बड़ी दबिश दी। ग्रीन पार्क निवासी शराब कारोबारी नीरज जायसवाल के घर पर छापेमारी की गई, लेकिन कारोबारी घर से गायब मिला। सहारनपुर पुलिस और एसओजी ने बारादरी पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। दबिश के बाद पुलिस टीम खाली हाथ लौट गई, लेकिन इस कार्यवाई को लेकर शहर में हड़कंप मचा रहा।शराब कारोबार से जुड़े इस बड़े घोटाले की जांच पहले सहारनपुर पुलिस के दायरे तक सीमित थी, लेकिन गैंगस्टर एक्शन के बाद अब इसका विस्तार बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और लखनऊ तक पहुंच चुका है।सूत्रों के अनुसार सहारनपुर पुलिस की टीम बरेली में ही ठहरी हुई है और नीरज तथा अन्य आरोपितों को पकड़ने के लिए रणनीति बना रही है। पुलिस को आशंका है कि फरार कारोबारी अभी बरेली या आसपास ही छिपा हो सकता है। शराब टैक्स चोरी से जुड़े इस प्रकरण की शुरूआत वर्ष 2021 में हुए उस घटनाक्रम से मानी जाती है, जब टपरी डिस्टलरी से एक ही गेटपास पर दो शराब के ट्रक निकाले गए थे। इनमें से एक ट्रक बरेली की बारादरी थाना क्षेत्र में हरुनगला के पास पकड़ा गया था। उस मामले में ट्रक चालक संजय और शराब कारोबारी मनोज जायसवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी।

# कैथोलिक डिओसस ऑफ वाराणसी बिशप हॉउस में 25 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया जायएगा क्रिसमस

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- आगामी 25 दिसम्बर को होने वाले क्रिसमस कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देने हेतु कैंटोंनमेन्ट क्षेत्र स्थित कैथोलिक डिओसस ऑफ वाराणसी बिशप हॉउस में किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजने बिशप यूजीन जोसेफ ने मिडिया से वार्ता के दौरान कहा की वाराणसी के कैथोलिक धर्मप्रांत की ओर से सभी को खीस्तजयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ, आशा और शांति से भरा नया वर्ष 2026 की मुबारक हों प्रभु यीशु का जन्म हमें याद दिलाता है कि परमेश्वर हर इंसान के पास, खासतौर पर जो कमजोर हैं, गरीब हैं क्रिसमस हमें याद दिलाता है कि प्रभु यीशु में, इम्मानुएल ईश्वर हमारे साथ मानव जीवन में प्रवेश कर चुके हैं हर परिवार की दुर्बलता और आशाओं को साझा करते हुए जो सुरक्षा, आजीविका और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है युद्ध, विस्थापन, आर्थिक संकट और पारिस्थिति की संकट से ग्रस्त इस दुनिया में, बेथलेहम का विनम बालक गरीबों और सृष्टि के प्रति परमेश्वर की निकटता दशार्ता है यह पवित्र मौसम वाराणसी और उससे बाहर के सभी लोगों को उदासीनता से ऊपर उठने, समाज में फैलने वाले घृणा को ठुकराने और सभी धर्मों व समुदायों के बीच करुणा और मेलजोल की कड़ियों को मजबूत करने का आमंत्रण देता है वाराणसी की कलीसिया, विश्व भर के ईसाई समुदायों के साथ मिलकर प्रार्थना, सादगी और जिम्मेदारी के साथ क्रिसमस की तैयारी कर रहे हैं, पालना (नटिविटी स्कीन) और चर्चा में दर्शन के लिए बहुत से दर्शनार्थी का स्वागत करने के लिए वाराणसी में मुख्य क्रिसमस नाईट मिस्सा 24 दिसंबर 2025 को रात 10:30 बजे सेंट मैरी कैथेड्रल में मनाया जाएगा जहां विशेष प्रार्थनाएँ हमारे देश और पवित्र काशी शहर में शांति, न्याय और सद्भाव के लिए की जाएंगी कैथोलिक समुदाय अपनी आस्था को ठोस सेवा कार्यों के द्वारा व्यक्त करता है शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कैदियों के दर्शन के माध्यम से सबसे ज्यादा जरूरतमंदों तक पहुँचता हैं विशेष देखभाल बच्चों और युवाओं, विकलांगों, बीमारों और वृद्धों को दी जाती है तथा उन सभी को जो अकेलापन या बहिष्कार महसूस करते हैं, ताकि त्योहार के मौसम में कोई भी अकेला न रहे इस एकजुटता की भावना को मजबूत करने के लिए, धर्मप्रांत सभी समुदायों के स्वयंसेवकों और सहयोगियों को इन पहलों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है यह प्रमाणित करते हुए कि गरीबों की सेवा के रास्ते पर विभिन्न धर्मों के श्रद्धालु मित्रता के साथ साथ चल सकते हैं इन प्रयासों के हिस्से के रूप में पूर्वांचल के विकलांग लोगों के साथ एक विशेष कार्यक्रम 2 जनवरी 2026 को सेंट जॉन स्कूल बीएलडब्ल्यू में आयोजित किया जाएगा यह आयोजन उन लोगों के लिए परमेश्वर की दया और सांत्वना का संदेश है जिन्हें समाज 'सबसे कम' मानता है नए वर्ष के ?द्वार पर खड़े होकर, धर्मप्रांत प्रार्थना करता है।

# क्षमता निर्माण योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर अपर जिला अधिकारी राजेश कुमार यादव ने ली सिविल डिफेंस की बैठक

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा की रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित नागरिक सुरक्षा कार्यालय पर क्षमता निर्माण योजना प्रशिक्षण को लेकर सिविल डिफेंस के प्रभारी अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव के नेतृत्व मे बैठक आयोजित की गई जिसमें सिविल डिफेंस में भर्ती अभियान चलाए जाने के लिए कहा गया साथ ही भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे क्षमता निर्माण योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम को मथुरा जिले में 360 वार्डन एवं स्वयंसेवको को प्रशिक्षत करना है जिसके लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल नागपुर एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ से मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सिविल डिफेंस मथुरा के मास्टर ट्रेनर ने बताया कि अपर जिला अधिकारी एवं डिप्टी चीफ वार्डन कल्याण दास अग्रवाल के निर्देशन में नव वर्ष को लेकर 25 दिसम्बर 2025 से 1 जनवरी 2025 को ठाकुर बाके बिहारी जी मन्दिर वृन्दावन में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में सिविल डिफेंस मथुरा के वार्डन एवं स्वयंसेवको की ड्यूटी लगाई गई। बैठक में डिप्टी चीफ वार्डन कल्याण दास अग्रवाल, डिप्टी डिविजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल, पोस्ट वार्डन एवं मास्टर ट्रेनर अशोक यादव, राम सैनी, राम कुमार चौहान, गिरीश वार्ष्णेय, शैलेश खण्डेलवाल, सुनेना, आलोक व्यास, जगदीश, गुलशेर, देवेन्द्र, हेमंत, विनोद, प्रमोद, रोहित, पंकज गर्ग, जितेन्द्र, शैली, शालू, पिंकी शर्मा, आदि वार्डन एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे।



## डीडीसी क्रिकेट क्लब टूनार्मेन्ट में झरुआ क्रिकेट टीम ने हलौरा टीम को हराकर 4 रन से जीत की हासिल

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ .अन्तर्गत विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत झरुआ में रविवार को ग्राउण्ड पर झरुआ बनाम हलौरा के बीच मैच खेला गया। जिसमें झरुआ बनाम हलौरा क्रिकेट क्लब टीम ने झरुआ क्रिकेट टीम को 4 रन से जीत हासिल किया। आपको बता दें कि डीडीसी (ऊऊउ) क्रिकेट क्लब धन्धरी कलां द्वारा कराया जा रहा टूनार्मेन्ट में झरुआ क्रिकेट टीम ने 8 ओवरों में 4 रन से जीत हासिल कर 87 रनों का योगदान दिया। जबकि हलोरा क्रिकेट टीम में 8 ओवरों में 83 रन ही बना पायीं। वहीं डीडीसी (ऊऊउ) क्रिकेट क्लब धन्धरी कलां द्वारा झरुआ बनाम हलोरा क्रिकेट टीम के बीच खेले गये मैच के मैन ऑफ मैच धर्मराज भारती को भावी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं0–08 व ग्राम प्रधान विरेन्द्र प्रताप जायसवाल द्वारा दिया गया। इस अवसर पर भावी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं0–08 व ग्राम प्रधान विरेन्द्र प्रताप जायसवाल, नूर मोहम्मद, जितेन्द्र भारती, धर्मराज, उमाशंकर, विशाल भारती, अलीम, अरुण, राजेश भारती सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहें।




## भीषण ठण्ड में को देखते हुए बढ़नी चेयरमैन ने अलाव व रैन बसेरा का किया निरीक्षण

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर क्षेत्र में बढ़ती कड़ाके की ठण्ड और शीतलहर को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत बढ़नी के सभी चौराहों पर अलाव जलनें का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को परखा और प्रमुख चौराहों पर जल रहे अलाव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि रैन बसेरों में साफ–सुथरे बिस्तर, गद्दे और कम्बलों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। ठण्ड से बचाव के लिए कमरों में उचित प्रबन्ध हों। साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जायें ताकि बाहर से आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो। रैन बसेरों के निरीक्षण के बाद चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत बढ़नी के मुख्य चौराहों जैसे रेलवे स्टेशन के पीछे, मालगोदाम तिराहा, रामलीला मैदान सहित सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने देखा कि ठण्ड से राहत के लिए किन–किन स्थानों पर नगर पंचायत द्वारा अलाव जलवायें गये हैं। उन्होंने मातहतों को निर्देशित किया कि मुख्य स्थानों पर नियमित रूप से लकड़ियों की आपूर्ति सुनिश्चित की जायें ताकि राहगीरों और रिक्शा चालकों को राहत मिल सकें।




## समाजवादी पार्टी आंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने गरीब, वृद्ध एवं बेसहारा लोगों के बीच कंबल बांटे

**लोटन/सिद्धार्थनगर।** जनपद में पड़ रही कड़ाके की ठंड में जहां लोग घरों में दुबके हैं, वहीं समाजवादी पार्टी आंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान पहलवान ने रविवार को विकास खंड लोटन क्षेत्र के हरि गांव व सिकरी में असहाय और जरूरतमंदों का दर्द समझते हुए कंबल वितरण अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मनीष यादव व कपिलवस्तु विधानसभा के सचिव तेज प्रताप सिंह के साथ गांव में पहुंचे और गरीब, वृद्ध एवं बेसहारा लोगों के बीच कंबल बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंसान होने के नाते समाज के प्रति दायित्व निभाना हमारा फर्ज है। ऐसे लोगों की सहायता के लिए उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित फुटबॉल कप आयु वर्ग-14 बालक में सुरेविन ने जमाया ट्रॉफी पर कब्जा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन समारोह अत्यंत उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। टूनार्मेंट के आयु-14 बालक वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, गाजियाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द एवेन्यू पब्लिक स्कूल, मेरठ ने द्वितीय तथा होली एंजल पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार आयु -17 बालक वर्ग में द एवेन्यू पब्लिक स्कूल, मेरठ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, गाजियाबाद उपविजेता रहा। दिल्ली पब्लिक स्कूल, मेरठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से तुषार गुप्ता एवं डॉ. शिखा दरबारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु तथा स्पोर्ट्स कमेटी के एचओडी श्री अभिषेक चौधरी ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।व्यक्तिगत प्रदर्शन के अंतर्गत बेस्ट स्ट्राइकर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब डीपीएस मेरठ के छात्र को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार द एवेन्यू पब्लिक स्कूल, मेरठ की टीम के खिलाड़ी अबू बकर को मिला।इसी अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया साथ ही उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व और खेल भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं।

# सामाजिक योगदान के प्रति निरंतर सक्रिय समाजसेवी कृष्णा रुहेला को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट, मोदीनगर में आयोजित आर्ट प्रदर्शनी के अंतर्गत एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के डायरेक्टर डॉ. संघर्ष शर्मा ने समाजसेवी व समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पिङ्ग वङ्ग प्रङ्ग कृष्णा रुहेला को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान, रचनात्मक सोच तथा समाज के प्रति निरंतर सक्रिय भूमिका के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डॉ. संघर्ष शर्मा ने अपने विचार में कहा कि कृष्णा रुहेला द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्य न केवल सराहनीय हैं, बल्कि वे युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत भी हैं। उन्होंने कला, संस्कृति और सामाजिक चेतना को आगे बढ़ाने में निरंतर समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का कार्य किया है। सम्मान ग्रहण करते हुए कृष्णा रुहेला ने इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट एवं डॉ. संघर्ष शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी समाज सेवा, कला संवर्धन एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकगण, विद्यार्थी, सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने कृष्णा रुहेला के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जीवन आशा हॉस्पिटल में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** परम पूज्य संस्कार प्रणेता, ज्ञानयोगी, जीवन आशा हॉस्पिटल प्रेरणा स्त्रोत आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महामुनिराज की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से निर्मित जीवन आशा हॉस्पिटल में गंग नहर पर श्री मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र में रविवार को विश्व दिव्यांग दिवस के शुभ अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ₹सक्षम 2025₹जिसके अंतर्गत सौरभ सागर सेवा संस्थान एवं जीवन आशा हॉस्पिटल द्वारा जिन्हें हाथ व पांव के कृत्रिम अंग प्रदान किए गए ऐसे दिव्यांग प्रतिभागियों के द्वारा खेलकूद जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, दौड़ और भी अनेक प्रतियोगिताओं का एवं दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें जिन्हें कृत्रिम अंग लगे हैं उन्होंने मंच पर अपनी हुनर बाजी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में विजय होने वाली टीम एवं सदस्यों को सौरभ सागर सेवा संस्थान के द्वारा पुरस्कृत किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में जीवन आशा टीम विजयी हुई एवं विकास ने मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया तो वही बेस्ट बॉलर धर्मवीर रहें एवं वॉलीबॉल मे जीवन आशा ए की टीम विजय हुई, रेस बीके मे विष्णु, रेस एके मे धर्मवीर, स्पून रेस मे आयशा जैन एवं बैडमिंटन मे शनि विजयी हुए इसके साथ अनेक प्रकार के खेल कूद प्रतियोगिताओ में विजय हुई टीम एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। संस्थान की ट्रस्टी संजय जैन ने कहा कि 6 वर्षों से निरंतर इस अस्पताल में दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम अंग लगाए जा रहे हैं, साथ ही साथ अनेक प्रकार की अन्य चिकित्सीय सुविधाएं भी यहां पर दी जा रही है। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन नमन जैन सरधना ने किया एवं खेलकूद प्रतियोगिता मे सफल कमेंट्री पंडित सौरभ जैन ने की। कार्यक्रम में सी ए अशोक जैन, जम्बू प्रसाद, अशोक गोयल, संजय जैन, अजय जैन, रिंकू जैन, सतीश जैन भगत, वी के जैन गाजियाबाद, संजीव गोयल, कमलकांत जी, रेखा जैन नीतू जैन स्वाति जैन, सीमा जैन, डॉक्टर कालरा जी, शैलेश सक्सेना, डॉ राजेश शर्मा, संदीप सिंह, निधि शर्मा, मुदित जैन, जयदेव आदि डॉक्टर संपूर्ण स्टाफ का साथ और सहयोग मिला।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल गदाना मोदीनगर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। तत्पश्चात आगंतुक अतिथि बहनों के परिचय व स्वागत के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की संचालिका श्रीमती रेनू शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रस्तावना प्रस्तुत की तथा मुख्य अतिथि श्रीमती सुचेता सिंह ब्लाक प्रमुख भोजपुर, अध्यक्ष डॉ. कविता शर्मा, मुख्य वक्ता श्रीमती शालिनी शर्मा व श्रीमती अनीता आर्य, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीना तायल व श्रीमती धन देवी को सम्मान प्रतीक चिन्ह व पटका पहनाकर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सम्मानित कियो कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी द्वारा श्रीमती पूनम, श्रीमती शोभा, श्रीमती पुष्पा, श्रीमती सुमन, श्रीमती सरिता ने अपना महत्वपूर्ण योगदान कर कार्यक्रम को रोचक बनाने में अपनी सहभागिता निभाई। विद्यालय की बहनों द्वारा भारत की वीरांगनाओं की सुंदर प्रस्तुति मंच पर दी गई। कार्यक्रम की मुख्यवक्ता श्रीमती शालिनी शर्मा ने वर्तमान की परिस्थितियों को सांझा करते हुए कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण पर विचार प्रस्तुत किए।श्रीमती अनिला आर्य ने भारत के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका पर विचार रखें। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं वैश्य कुटुम्ब, वूमेनस एंपावर, लायंस क्लब, इनर व्हील, नारी शक्ति मिशन, भारत विकास परिषद, एहसास, उज्ज्वला सोसाइटी के अध्यक्ष व सदस्यों की भी पूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती डॉ. कविता शर्मा द्वारा सभी मातृ शक्तियों को अपनी शक्ति का एहसास कराते हुए बताया कि सभी अपनी बेटियों में शक्ति का प्रसार करें जिससे वह वर्तमान समय में आत्मनिर्भर एवं राष्ट्रहित में अपना अहम योगदान प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने कार्यक्रम में सभी मातृशक्ति का अभिनंदन करते हुए स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने समस्त अतिथि माता-बहनों को विद्यालय आगमन एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद व आभार प्रकट किया सामूहिक संकल्प एवं वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ, विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंघल, प्रबंधक सुदेश मित्तल व प्रबंधन समिति के सदस्यों का भी पूर्ण सहयोग रहा।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में विचारों की उड़ान और तर्क की शक्तिविषय पर भाषण एवं वादझविवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अभिव्यक्ति कौशल एवं तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भाषण एवं वादझविवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी तथा विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें ह्लअनुशासन, सपने बड़े देखोतथा ह्लयदि मैं प्रधानाचार्य बन जाऊँजैसे रोचक और विचारोत्तेजक विषयों पर विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। नन्हे विद्यार्थियों की स्पष्ट अभिव्यक्ति, सशक्त सोच और मंच पर निर्भीक प्रस्तुति ने सभी को अत्यंत प्रभावित किया। द्वितीय चरण में कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों के लिए वादझविवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय था ऑनलाइन जीवनः सुविधा का युग या तनाव का जाल।इस चरण में विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने तर्क तथ्यों, उदाहरणों और तार्किक सोच के साथ प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों की विषय पर गहरी समझ, विश्लेषण क्षमता और प्रभावशाली संवाद कौशल स्पष्ट रूप से देखने को मिला। मुख्य अतिथि डॉ. विक्रम गांधी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की योग्यता विकसित करते हैं। विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनिशा गांधी ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए डिजिटल युग में संतुलित और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और सकारात्मक संदेश के साथ हुआ।

# 10 वर्ष पूर्व दाऊद इब्राहिम की कार जलाने वाले स्वामी चक्रपाणि महाराज व बीके शर्मा हनुमान अब उसका दसवां मनाया

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद:** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज व राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विश्व ब्रहमर्षि महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने 23 दिसंबर 2015 को आतंकवादी दाऊद इब्राहिम की कार इंदिरापुरम में कनावनी रोड पर स्थित एक फार्म हाउस में जलाकर उसका अंतिम संस्कार किया था। अब इस कार का दसवां मनाया गया। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने बताया कि भारत में आतंकवाद फैलाने में दाऊद इब्राहिम सबसे आगे रहा है। मुम्बई में हुआ आातंकी हमला उसी ने कराया था। लोगों के दिलों से उसका खौफ खतम करने व आतंकवाद का अंतिम संस्कार करने के उददेश्य से ही 23 दिसंबर 2015 को आतंकवादी दाऊद इब्राहिम की कार को इंदिरापुरम में कनावनी रोड पर स्थित एक फार्म हाउस में जलाने के बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया था। इस कार का उन्होंने मुंबई में नीलामी के दौरान 32 हजार में खरीदा था। उनके द्वारा कार जलाने पर दाऊद इब्राहिम व उसके गुर्गो ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी थी, मगर वे भयभीत नहीं हुए क्योंकि संत का तो जीवन ही समाज व देश के लिए समर्पित होता है। जब भी धर्म, समाज या देश पर कोई संकट आता है तो संत ही सबसे आगे आकर उसका सामना करते हैं और धर्म, समाज व देश की रक्षा करते हैं। उनका जीवन समाज,, धर्म व देश के लिए समर्पित है और दाऊद इब्राहिम जैसे अधर्मी, अत्याचारी व आतंकवादी का खौफ लोगों के दिल से निकालने के लिए उन्होंने 10 वर्ष पूर्व उसकी कार को जलाकर उसका अंतिम संस्कार किया। इसका असर भी और लोगों के दिलों से उसका खौफ कम हुआा। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता/विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि 23 दिसंबर 2015 को दाऊद इब्राहिम की जिस कार को जलाकर उसका अंतिम संस्कार किया गया था, उसका अब दसवां मनाया गया। ऐसा करने का उददेश्य यह संदेश देना है कि आतंकवाद के खिलाफ सभी एकजुट हैं और यह एकजुटता जल्द ही आंतकवादियों व आतंकवाद का अंतिम संस्कार करेगी। 10 वर्ष पूर्व दाऊद इब्राहिम की कार को जलाकर किए गए अंतिम संस्कार ने लोगों को जागरूक कर आंतकवाद के खिलाफ एकजुट किया था और कार का दसवां मनाने से आतंकवाद का पूर्ण नाश होगा इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक वी के अग्रवाल, संदीप सिंगल, श्याम सुंदर गुप्ता, गौरव अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, प्रदीप सिंघल, प्रदीप गुप्ता, बीके मित्तल, लोकेश सिंघल, जितेंद्र भटनागर, डॉ एस पी गुप्ता, डॉ सुजीत सिंह, डॉ देवाशीष ओझा, सचिन भारती, आर सी शर्मा, विनीत कुमार शर्मा, छोटे लाल कन्नौजिया, डॉ ए के जैन, नदीम चौधरी आदि मौजूद रहे।

## विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया

वेलकम इंडिया





**नोएडा:** फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-73, दिनाक 21-12-2025 सरफाबाद, नोएडा में महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन चरण सिंह यादव द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके शारीरिक स्वास्थ्य, दैनिक जीवन में होने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान के प्रति जागरूक करना था। इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। शिविर के दौरान महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन दर्द, जोड़ों की परेशानी, मांसपेशियों की कमजोरी एवं दैनिक कार्यों में आने वाली दिक्कतों की जाँच एवं उपचार किया गया। शिविर में डॉ. महिपाल सिंह (पीटी), डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव (ओटी), डॉ. भावना आनंद (पीटी) तथा डॉ. सुष्मिता भाटी (पीटी) उपस्थित रहे, जिन्होंने मरीजों की जाँच कर उन्हें उचित उपचार, व्यायाम एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया। डॉक्टरों ने महिलाओं को नियमित व्यायाम, सही शारीरिक मुद्रा और समय पर इलाज के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन की टीम से नैतिक ओझा, अभिनव सिंह और दीपक यादव भी शिविर में उपस्थित रहे और शिविर के संचालन एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए, ताकि वे स्वस्थ और जागरूक जीवन जी सकें।

भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सराहनीय प्रयास बताया।

## वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने अपना 26वॉ स्थापना दिवस मनाया

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद** । वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने अपना 26वॉ स्थापना दिवस 21 दिसंबर रविवार को लायन्स नेत्र चिकित्सालय के सभागार मे समिति अध्यक्ष डाक्टर जे एल रैना की अध्यक्षता मे बहुत धूमधाम से मनाया ।समारोह के मुख्य अतिथि श्री एम के रैना जी अध्यक्ष (एसकॉन) रहे। आज के कार्यक्रम की विशेषता, समिति के संस्थापक सदस्य सुरेश चंद्रा जी की गरिमामयी उपस्थिति थी जो अस्वस्थ होते हुए भी देहरादून से आए। सम्मानित मुख्य अतिथि का डाक्टर रैना ने शाल पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ सुरेश चंद्रा जी ने समिति की पृष्ठभूमि व उद्देश्यो के बारे मे सदन को अवगत कराया। समिति के महासचिव आर के गुप्ता ने समिति की विभिन्न गतिविधियो से सदन को अवगत कराते हुए बताया कि समिति ने इस बर्ष 11,20,000 रूपए (ग्यारह लाख बीस हजार रुपए )की धनराशि छात्रवृति के रुप मे 276 निर्धन, मेधावी, छात्र छात्राऔ को वितरित की है इसके अतिरिक्त 3 नेत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया। वरिष्ठ सदस्य वी के शर्मा ने मुख्य अतिथि का परिचय सदन से कराया ,आज समिति के 90 वर्ष पूर्ण करने वाले 5 सदस्यो एवं 80 वर्ष पूर्ण करने वाले 11 सदस्यो व दानदाताओ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। । मुख्य अतिथि ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश का स्वर्णिम भविष्य शिक्षित बच्चो पर ही आधारित है और शिक्षा से ही समाज मे बदलाव लाया जा सकता है अतः तुम्हे खूब पढाई करनी चाहिए । उन्होंने समिति द्वारा किये जा रहे प्रयासो की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर समिति की स्मारिका जीवन ज्योति का विमोचन किया गया साथ ही समिति के संरक्षक श्री सुरेशचन्द्रा जी द्वारा लिखित पुस्तक ₹ हाउ टू कीप दी ब्रेन शार्प एण्ड यंग₹ का भी विमोचन किया गया ।मंच संचालन वी पी रस्तोगी ने किया। तत्पश्चात कवि सम्मेलन का शुभारम्भ सुन्दर मधुर वंदना के साथ हुआ जिसमे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवियो ने अपनी अपनी सुन्दर रचनाओ से उपस्थित श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर सभी की खूब वाहवाही लूटी कवि सम्मेलन का संचालन डाक्टर चेतन आनंद द्वारा किया गया। डाः रैना ने सभी कवियो को सम्मानित किया व कार्यक्रम मे अपना कीमती समय देने के लिए एवं आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित सदस्यो,मातृशक्ति व अतिथियो का धन्यवाद किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह समाप्त हुआ। तत्पश्चात सभी आगंतुको ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर ए के गुप्ता एल डी शर्मा हरिपाल सिंह,अनिल चौधरी,वी के शर्मा , एम वी भारद्वाज, रमेश अरोरा,बी जी शर्मा, डी के शर्मा, राजश्री रैना , रेखा रस्तोगी,सरिता गुप्ता आदि ,बडी संख्या मे वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## चिन्मय मिशन, राजनगर में हुआ सामूहिक ध्यान अभ्यास

**गाजियाबाद**। विश्व ध्यान दिवस के पावन अवसर पर गाजियाबाद में ध्यान, योग और आत्मचिंतन का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान, गाजियाबाद तथा योग साधना केंद्र, औषधि पार्क के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक ध्यान के प्रयोगात्मक अभ्यास कार्यक्रम का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रविवार को चिन्मय मिशन, राजनगर (सेक्टर-2/28) में प्रातः 5:45 बजे से 7:15 बजे तक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में योग एवं ध्यान साधकों, नागरिकों, वरिष्ठ जनों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को ध्यान और योग के वैज्ञानिक, मानसिक तथा शारीरिक लाभों के प्रति जागरूक करना रहा। प्रातः काल के शांत वातावरण में सामूहिक ध्यान अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने गहन मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। संपूर्ण परिसर मंत्रमुग्ध करने वाले मौन, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत रहा। मुख्य शिक्षक देवेन्द्र हितकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ध्यान केवल मानसिक शांति प्राप्त करने का माध्यम नहीं है।

## सपनों की बिसात पर आत्मविश्वास की चाल

**गाजियाबाद**। शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि रणनीति, धैर्य और बौद्धिक क्षमता की परीक्षा है। इस खेल में वही आगे बढ़ता है, जो हर चाल को सोच-समझकर चलता है। गाजियाबाद के एक होनहार किशोर ने इसी बिसात पर अपनी बुद्धि और आत्मविश्वास से बड़े-बड़े धुरंधरों को मात देकर यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। डीपीएसजी मेरठ-गाजियाबाद में कक्षा 9वीं के छात्र 15 वर्षीय अक्षित शर्मा आज शतरंज की दुनिया में तेजी से उभरता हुआ नाम बन चुके हैं। अक्षित शर्मा ने न केवल गाजियाबाद, बल्कि दिल्ली-एनसीआर स्तर की अनेक प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## कड़ाके की ठंड में नगर निगम बना दूर-दराज से आए विद्यार्थियों का संबल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। बढ़ती ठंड के बीच गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे न केवल निराश्रितों और राहगीरों के लिए राहत का केंद्र बने, बल्कि दूर-दराज के जिलों से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं देने आए छात्र-छात्राओं के लिए भी ठहराव और तैयारी का मजबूत सहारा साबित हुए। मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, बिजनौर सहित अनेक जनपदों से आदिवासी आवासीय विद्यालय परीक्षा, शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित दिल्ली पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने आए विद्यार्थियों ने नगर निगम के आश्रय स्थलों में रात्रि विश्राम कर राहत महसूस की। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशों के क्रम में ठंड को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहरभर में रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। नगर निगम द्वारा कुल 15 स्थायी तथा 7 अस्थायी रैन बसेरों को पूरी तरह व्यवस्थित किया गया है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन, बस अड्डों एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर बनाए गए इन आश्रय स्थलों में ठहरने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रैन बसेरों में गर्म बिस्तरों, साफ-सुथरे पलंगों की व्यवस्था के साथ पेयजल, शौचालय, स्नानघर, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा ठंड से बचाव के लिए अलाव की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन्हीं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में रात्रि विश्राम किया और शांत वातावरण में आगामी परीक्षा की तैयारी की। विद्यार्थियों की परीक्षाएं गाजियाबाद के एमएमएच कॉलेज, वसुंधरा सेक्टर-13 स्थित महाविद्यालयों तथा अन्य विद्यालयों में आयोजित की गई थीं। ऐसे में रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों के समीप बने नगर निगम के रैन बसेरे छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए। विद्यार्थियों ने बताया कि निजी होटल अथवा धर्मशालाओं की तुलना में रैन बसेरों में उन्हें अधिक सुरक्षा, स्वच्छता और अनुशासित वातावरण प्राप्त हुआ। नगर निगम की इन व्यवस्थाओं की छात्र-छात्राओं द्वारा खुले मन से प्रशंसा की गई। विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त किया गया।

## शीतलहरी के बढ़ते प्रकोप को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जनपद में शीतलहरी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा विभागवार 'क्या करें-क्या न करेंं' संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा जनहित में शीतलहरी से बचाव को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट द्वारा दी गई। जारी एडवाइजरी में आमजन से अपील की गई है कि वे मौसम से जुड़ी सूचनाओं के प्रति सतर्क रहें। रेडियो, दूरदर्शन, समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से स्थानीय मौसम पूवार्नुमान की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करें, जिससे शीतलहरी की संभावित स्थिति का पूवार्नुमान लगाया जा सके। ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म वस्त्र पहनने की सलाह दी गई है, विशेष रूप से कई परतों वाले कपड़े शरीर को अधिक गर्म रखने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही आवश्यक आपातकालीन सामग्री पहले से संग्रहित कर तैयार रखने को कहा गया है। एडवाइजरी में यह भी उल्लेख किया गया है कि शीतलहरी के दौरान सर्दी-जुकाम, फ्लू, नाक बहना, नाक बंद होना अथवा नाक से खून आने जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक अत्यधिक ठंड के संपर्क में रहने से ये बीमारियां गंभीर रूप ले सकती हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी गई है। यातायात एवं परिवहन विभाग के लिए जारी विशेष निर्देशों में कहा गया है कि कोहरे और कम दृश्यता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की आशंका अत्यधिक बढ़ जाती है।

## प्रदूषण के जवाब में वंदे मातरम्

रवि अरोड़ा

हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है मगर इस बार कुछ ज्यादा ही चुभन हुई ।जनता द्वारा चुने गए संसद सदस्यों ने 150 साल पुराने एक गीत वंदे मातरम्पर तो घंटों गले साफ किए मगर दिल्ली एनसीआर के करोड़ों लोगों के लिए प्राण घातक बने वायु प्रदूषण पर चर्चा के लिए उन्हें वक्त नहीं मिला और संसद का शीत कालीन सत्र समाप्त हो गया ।साफ दिख रहा है कि जन प्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं में कम से कम जनता का मरना जीना तो नहीं ही है।उधर, सरकार का भी सारा ध्यान इस ओर है कि बस कहीं कोई बड़ा विरोध न हो बाकी प्रदूषण का क्या है, यह तो महीने दो महीने में अपने आप कम हो ही जाएगा ।तब तक बयानों से इसका मुकाबला किया जाएगा ।पता नहीं सरकार ने क्या व्यवस्था की है कि तमाम मीडिया चैनल और अखबार एक्यूआई लेवल पांच सौ तक भी नहीं दशार्ते जबकि तमाम एप इसे छह सात सौ से ऊपर दिखाते हैं। कभी-कभी तो ऐप्स पर यह हजार के पार भी दिखता है मगर कमाल है कि कहीं कोई विरोध नहीं, कही कोई प्रदर्शन नहीं। अन्य मामलों की तरह जनता भी शायद इसे भी अपना नसीब माने बैठी है ।उधर, एम्स जैसे बड़े अस्पतालों के डॉक्टर खुल कर कह रहे हैं कि जीना चाहते हो तो दिल्ली छोड़ दो वरना मरने के लिए तैयार हो जाओ। पता नहीं कैसे लोग इस बात पर विश्वास कर लेते हैं कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है और हम सुपर पावर बनने जा रहे हैं ? चार छह आदमियों की कमाई से जीडीपी तैयार कर क्यों हमें भरमाया जा रहा है ? यहां तो हर कोई काम धंधे और रोजगार को लेकर रोता ही मिलता है। दूसरी ओर जो भी आदमी चार पैसे कमा लेता है वही देश छोड़ने की बात करता है। वह नहीं करता तो उसके बच्चे करते हैं। आंकड़े भी बता रहे हैं कि हर साल तकरीबन दो लाख लोग देश की नागरिकता छोड़ कर विदेशों में जाकर बस रहे हैं। पूछने पर ये लोग प्रदूषण को भी एक बड़ा कारण बताते हैं। यदि वे ऐसा कर रहे हैं तो उन्हें दोष भी क्यों दिया जाए ? जब हम संविधान द्वारा प्रदत्त साफ हवा पानी जैसे उनके मूल अधिकार की ही रक्षा नहीं कर सकते तो और भला उन्हें क्या देंगे ? अब आप इसे क्या कहेंगे कि यदि साफ हवा चाहिए तो एयर प्यूरीफायर लाओ। साफ पानी चाहिए तो आर ओ चाहिए ।24 घंटे बिजली चाहिए तो इनवर्टर या जनरेटर खरीदो ।सरकार की जिम्मेदारी को बचा क्या , सड़क ? उस पर भी पैदल चलो तो कुत्ते दौड़ा लेते हैं। तो फिर ये सरकारें क्या हम मंदिरों में घंटियां बजाने के लिए ही चुनते हैं ? कहते हैं कि प्रदूषण का कारण विकास है। पता नहीं कहां है विकास, सब कुछ तो विदेशों से आ रहा है। डॉलर पर हम बात कर नहीं सकते ।महंगाई पर बात करने नहीं देते ।सब कुछ बिक रहा है और बस एक दो आदमी ही खरीद रहे हैं। बारह साल पहले जिसे कोई जानता नहीं था वह अब देश का मालिक है। अगला निशाना अब हिमालय से भी अधिक पुरानी अरावली की पहाड़ियां हैं ।प्रदूषण का खलनायक अब उसे ही बता रहे हैं जो इंसान के पैदा होने से पहले से ही अस्तित्व में हैं ? कागजों पर खेल चल रहा है। कभी एक्यूआई को ह्लखराबह्व , कभी ह्लगंभीरह्व और कभी ह्लआपातह्व दिखा दो ।कितने लोग रोजाना मरे इसकी कोई जानकारी नहीं देगा । हमेशा की तरह सरकार ह्लनिगरानीह्व में जुटी हैं। कोई नहीं बताता कि हर साल वही हालात क्यों दोहराए जाते हैं? हो सकता है कि दिल्ली एनसीआर के प्रदूषण का कारण पराली भी हो मगर क्या यही पूरा सच है ? राजधानी क्षेत्र में करोड़ों वाहन, बेलगाम निर्माण कार्य, धूल से अटी सड़कें, अवैध औद्योगिक इकाइयाँ और खुले में कचरा जलाने ने जो जहरीला कॉकटेल तैयार किया है, क्या उसके समाधान का कोई रोड मैप नहीं बन सकता ?अक्टूबर आते ही आपात बैठकें, ग्रैप लागू, निर्माण पर रोक, ऑड-ईवन की चर्चा और फरवरी आते-आते सब कुछ भुला दो ।बयान वीर यूं दिखाते हैं जैसे प्रदूषण हर साल आने वाली प्राकृतिक आपदा हो, कतई नहीं मानते की यह मानव-निर्मित और नीति-जनित संकट है। यदि ऐसा नहीं है तो क्यों दुनिया के सौ सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से अस्सी हमारे ही हैं। चीन को लाल आंखें दिखाने की बात करने वाले उससे ही क्यों नहीं सीखते, जिसने प्रदूषण को नियंत्रित करने में एक मिसाल दुनिया के समक्ष पेश की है। आखिर सरकार कब मानेगी कि दिल्ली की हवा केवल आंकड़ा नहीं बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन का सवाल है। यदि अब भी इसे गंभीरता से नहीं लिया, तो दिल्ली एनसीआर से बड़े स्तर पर पलायन शुरू हो जाएगा और तब चाह कर भी इसे रोका न जा सकेगा ।

क्या समाधान संभव नहीं हैं, क्या तकनीक उपलब्ध नहीं है, फिर क्यों नहीं सरकार कुछ करती ? क्या बांग्लादेश, नेपाल व अन्य पड़ौसी देशों जैसा कुछ बड़ा होने पर ही सरकार के कानों पर जूं रेंगेगी ?